TNF TODAY

# टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition | आगरा से शुरू हुई जापानी प्रतिनिधिमंडल की यूपी पर्यटन यात्रा (पेज-3) | पृष्ठ- 8 | वर्ष-01 अंक-49 | मूल्य ₹7 | शुक्रवार | दिनांक- 21.08.2026

# 140 फीट ऊंचा होगा जनक महल

## सजावट में लगेगी मिथिला की आस्था और राजस्थान का राजसी वैभव

- सात शिखरों पर लहराएंगी भगवा धर्म ध्वजाएं
- वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ भूमि पूजन
- 300 फीट चौड़े भव्य मंच पर विराजेंगे श्रीराम-जानकी
- भावना एस्टेट रोड पर 6 से 8 अक्टूबर को सजेगी जनकपुरी



टीएनएफ टुडे, आगरा।

भावना एस्टेट रोड पर सजने जा रही जनकपुरी के जनक महल का गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन करते राजा जनक के स्वरूप अशोक कुमार गोयल एवं रानी सुनैना की स्वरूप लता गोयल एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल और एमएलसी विजय शिवहरे आदि मौजूद रहे। भूमि पूजन वैदिक रीति से संपन्न किया। मंत्रोच्चार और श्लोकों की गूंज के बीच हवन हुआ। इसके बाद राजा दशरथ के स्वरूप संजय सिंघल, रानी कौशल्या के स्वरूप नीता सिंघल, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष एवं विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, एमएलसी विजय शिवहरे, महापौर हेमलता दिवाकर, डीसीपी पूर्वी अभिषेक अग्रवाल और श्रीरामलीला कमेटी के महामंत्री राजीव अग्रवाल सहित अन्य अतिथियों ने आरती की।

जनकपुरी महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार (राजू यादव) ने बताया कि इस बार जनक महल को ऐतिहासिक भव्यता देने की तैयारी की गई है। इसकी ऊंचाई 140 फीट और चौड़ाई लगभग 280 से 300 फीट होगी। सात शिखरों पर लहराते भगवा धर्म ध्वज पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बनाएंगे और दूर से ही श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगे। जनक महल के निर्माण की जिम्मेदारी पुरुषोत्तम टेंट हाउस से जुड़ी फर्म को दी गई है। इसके लिए कोलकाता से विशेष कारीगर बुलाए गए हैं। प्रारंभिक रूप से महल की वास्तुकला नेपाल स्थित प्रसिद्ध जानकी महल की तर्ज पर तैयार करने की योजना थी, लेकिन इसके अंतिम स्वरूप में उदयपुर और जयपुर के राजमहलों की राजस्थानी स्थापत्य कला तथा शाही वैभव को भी शामिल किया गया है। इस तरह जनक महल में मिथिला की धार्मिक परंपरा, नेपाल की वास्तुकला और राजस्थान की राजसी छटा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। महल की भव्यता को आकर्षक फव्वारों और रंग-बिरंगी प्रकाश व्यवस्था से और निखारा जाएगा। रात के समय रोशनी और फव्वारों की सजावट विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। भगवान श्रीराम, माता सीता सहित अन्य स्वरूपों के विराजमान होने वाले स्थान को पूरी तरह वाटरप्रूफ बनाया जाएगा।

## जेल में बंद पूर्व सांसद सज्जन कुमार का निधन

**नई दिल्ली।** पूर्व सांसद और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जन कुमार का निधन हो गया है। उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल लाया गया था, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। फिलहाल, सज्जन कुमार के निधन के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। सज्जन कुमार एक अनुभवी राजनेता थे और उन्होंने लोकसभा में सांसद के रूप में कार्य किया। वे 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में दोषी पाए गए थे। हालांकि, हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने दो मामलों में उन्हें बरी कर दिया था। सूत्रों का कहना है कि अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही उनका निधन हो गया था, लेकिन इस पर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सज्जन कुमार के निधन से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है। उनके निधन के कारणों का पता चलने के बाद ही आगे की जानकारी सामने आ पाएगी।

सज्जन कुमार का नाम दिल्ली में सिखों के खिलाफ दंगों को भड़काने में आता है। खासकर दिल्ली के सुल्तानपुरी, कैंट और पालम कॉलोनी जैसे इलाकों में। दंगों के पीड़ितों के मुताबिक, 1 नवंबर 1984 को दिल्ली में भीड़ को संबोधित करते हुए सज्जन कुमार को कहते सुना गया था- 'हमारी मां मार दी, सरदारों को मार दो।'

# ईलू-ईलू में फंसे नाबालिग छात्र और बालिग शिक्षिका

## पिता की डांट और शिक्षिका की हमदर्दी बनी बड़ी वजह

- पब्लिक स्कूल की प्रेम कहानी बनी चर्चा का विषय
- दोनों घर छोड़कर चले गए थे, पुलिस लेकर आई

टीएनएफ टुडे, आगरा।

ताजनगरी में एक पब्लिक स्कूल की शिक्षिका और कक्षा 11 के छात्र के एक साथ घर से चले जाने का मामला सामने आया है। छात्र के अचानक लापता होने के बाद परिजनों ने शिक्षिका पर उसे बहला-फुसलाकर साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर तलाश शुरू की तो दोनों की लोकेशन अलग-अलग शहरों में मिली। बुधवार रात पुलिस ने शिक्षिका को मथुरा और छात्र को दिल्ली से खोज निकाला।

पुलिस के मुताबिक छात्र के माता-पिता पढ़ाई को लेकर उसे अक्सर समझाते और डांटते थे। छात्र अपनी परेशानियां और मन की बातें स्कूल की शिक्षिका से साझा करता था। इसी दौरान दोनों के बीच फोन पर बातचीत बढ़ने लगी। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से छात्र और शिक्षिका के बीच नजदीकियां भी बढ़ गई थीं। बुधवार को पढ़ाई को लेकर पिता की डांट से नाराज छात्र स्कूल पहुंचने के बजाय सीधे शिक्षिका के पास चला गया। इसके बाद दोनों ने आगरा से बाहर जाने का फैसला किया। छात्र के अचानक घर से गायब होने पर परिजन घबरा गए और उसकी तलाश शुरू की। पुलिस जांच में सामने आया कि छात्र और शिक्षिका स्कूटी से आगरा कैंट स्टेशन पहुंचे। वहां से दोनों ने ट्रेन पकड़ी और आगरा से बाहर निकल गए। उनका सफर ग्वालियर तक पहुंचा। इसके बाद दोनों ग्वालियर से बयाना गए। बयाना पहुंचने के बाद दोनों कैला देवी मंदिर गए और दर्शन किए। इसके बाद वे मथुरा पहुंचे। इस पूरे सफर के दौरान छात्र के परिजन उसकी तलाश में परेशान रहे और पुलिस से लगातार संपर्क करते रहे। मथुरा पहुंचने के बाद कुछ समय तक छात्र और शिक्षिका साथ रहे। इसके बाद छात्र अकेले दिल्ली चला गया। जबकि शिक्षिका मथुरा में ही रुक गई। यही सुराग पुलिस के लिए अहम साबित हुआ। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों की अलग-अलग लोकेशन ट्रेस की। इसके बाद पुलिस की दो टीमें सक्रिय की गईं। एक टीम ने मथुरा पहुंचकर शिक्षिका को पकड़ लिया। जबकि दूसरी टीम ने दिल्ली में दबिश देकर छात्र को खोज निकाला। दोनों को पुलिस अपने साथ लेकर आगरा आई।

### दोनों से की जा रही पूछताछ

पुलिस ने छात्र का मेडिकल परीक्षण कराया है। उसके बयान भी दर्ज किए जाएंगे। शिक्षिका से भी पूरे घटनाक्रम को लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दोनों के बीच संपर्क कब से था और आगरा से बाहर जाने की योजना कैसे बनी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि छात्र के बयान, मेडिकल रिपोर्ट और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई तय की जाएगी।

आरएसएस पर राहुल गांधी का हमला

# 'कोई कैसे जान सकता है 1.5 अरब लोगों की सच्चाई?'



एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली में 'हरा भरा स्वराज: राजीव गांधी के विजन को श्रद्धांजलि' कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरएसएस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि किसी एक समूह या व्यक्ति को यह मानने का अधिकार नहीं है कि वह देश की 1.5 अरब आबादी की सच्चाई जानता है। राहुल गांधी ने कहा "यही आरएसएस के साथ मेरी समस्या है। आरएसएस ने तय कर लिया है कि वह 1.5 अरब लोगों की सच्चाई जानता है। मैं कहता हूं कि केवल 1.5 अरब लोग ही अपनी सच्चाई जान सकते हैं।" उन्होंने कहा कि अगर वह यह मान लें कि वह किसी दूसरे व्यक्ति की सच्चाई जानते हैं तो यह गलत होगा, क्योंकि उन्होंने उस व्यक्ति के अनुभवों और परिस्थितियों को नहीं देखा है।

### भारत की असली वैचारिक लड़ाई क्या है?

राहुल गांधी ने कहा कि आज देश में वैचारिक लड़ाई सिर्फ पर्यावरण, राजनीति या स्वतंत्र मीडिया जैसे मुद्दों तक सीमित नहीं है। उनके मुताबिक, असली सवाल यह है कि क्या कोई समूह यह तय कर सकता है कि देश के हर व्यक्ति की सच्चाई वही जानता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छात्रों से जुड़े एक बयान का जिक्र करते हुए कहा कि इसका मतलब यह संदेश देना है कि "मैं सब कुछ जानता हूं, आप कुछ नहीं जानते।"

राहुल गांधी ने कहा कि जब छात्रों ने विरोध किया तो मोहन भागवत की ओर से भी छात्रों पर हमला नहीं करने की बात कही गई, लेकिन उनके अनुसार छात्रों पर लगातार हमला इसलिए हो रहा है क्योंकि कुछ लोग मानते हैं कि वे उनकी सच्चाई जानते हैं।

### राहुल गांधी ने 'स्वराज' को लेकर क्या कहा?

राहुल गांधी ने कहा कि अगर देश के हर कारोबार का मालिक एक ही व्यक्ति हो तो बड़ी आबादी के लिए स्वराज संभव नहीं है। उन्होंने कहा ₹अगर एक व्यक्ति इस देश के हर एक कारोबार का मालिक है तो भारतीय लोगों की बड़ी आबादी के लिए स्वराज की कोई संभावना नहीं है।₹ राहुल गांधी ने कहा कि देश में कुछ लोगों के पास एयरपोर्ट, बंदरगाह और कंपनियां होनी चाहिए, जबकि दूसरे लोग ऐसे नौकरशाह होने चाहिए जो अपनी बात स्वतंत्र रूप से रख सकें और किसी कारोबारी के प्रभाव में आकर काम करने के लिए मजबूर न हों।

### शिक्षा और वित्तीय व्यवस्था पर क्या बोले?

राहुल गांधी ने कहा कि गांधीजी का विजन कुछ बुनियादी व्यवस्थाओं के बिना पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने महंगी शिक्षा व्यवस्था और असमान परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह विजन ऐसी वित्तीय व्यवस्था के साथ भी संभव नहीं है, जिस पर दो-तीन लोगों का एकाधिकार हो। राहुल गांधी ने राजनीतिक व्यवस्था की पहुंच गांवों और पंचायतों तक होने की जरूरत बताई। उन्होंने पंचायती राज, विधायक और सांसदों का भी उल्लेख किया।

### बीजेपी और आरएसएस पर राहुल गांधी ने क्या आरोप लगाए?

राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर समाज के अलग-अलग वर्गों को लेकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के मुस्लिम, ईसाई और सिख समुदायों को यह संदेश दिया गया कि उनका अस्तित्व नहीं है। उन्होंने आदिवासियों और दलितों को लेकर भी भाजपा और आरएसएस पर आरोप लगाए। राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासियों को उनकी जमीन और दलितों को जातिगत भेदभाव से जुड़े मुद्दों पर दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में इस स्थिति को बदलने की जरूरत है।

### राहुल गांधी ने किस तरह के भारत की बात की?

राहुल गांधी ने कहा कि देश में हर व्यक्ति को यह महसूस होना चाहिए कि वह भारत का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि धर्म, समुदाय, उम्र या महिला-पुरुष के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। उनके मुताबिक ₹हर एक व्यक्ति को, चाहे वह किसी भी धर्म, समुदाय, उम्र या लिंग का हो, यह महसूस होना चाहिए कि मैं यहां का हूं।

## गुजरात में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या हुई सात

**अहमदाबाद।** गुजरात के भावनगर जिले में जहरीली शराब पीने से अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है। इस मामले में चार पुलिसकर्मियों को निलंबित किया जा चुका है। इसके अलावा, 21 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जा चुकी है, जिनके ऊपर नकली शराब बनाने और बेचने का आरोप है। भावनगर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) नितेश पांडे ने बताया कि जहरीली शराब का सेवन करने वाले 25 से 28 लोग उपचाराधीन हैं। अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, चार पुलिसकर्मियों को इस मामले में निलंबित किया जा चुका है। 19 अगस्त को इस मामले में वरतेज पुलिस स्टेशन के पास प्राथमिकी दर्ज की गई थी। यह पुलिस स्टेशन घोघा तालुका के खरकड़ी गांव में स्थित है। मध्य प्रदेश के उज्जैन के खरकड़ी से और गुजरात के भावनगर से अब तक 21 आरोपियों की पहचान हो चुकी है। इन सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा चुका है।

पुलिस के मुताबिक, इस शराब को उज्जैन से लाया जाता था। इसके बाद उसे भावनगर और आसपास के इलाके में लोगों के बीच बांटने से पहले उसमें मिलावट की जाती थी। जिन जहरीली शराब की बोतलों को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है, उन बोतलों में एक कंपनी का लेबल भी लगा हुआ था। जांच में सामने आया है कि नेटवर्क से जुड़े हुए अलग-अलग लोग इस शराब को बेचने में शामिल थे। इस शराब को बेचने से पहले उसमें मिलावट की जाती थी। इसके बाद उसे विभिन्न माध्यमों से आम लोगों के बीच में बेचा जाता था।

जंतर-मंतर प्रदर्शन

# सुप्रीम कोर्ट ने बनाई 5 सदस्यीय समिति

## प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग के आरोपों की होगी जांच

एजेंसी, नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस, अर्धसैनिक बलों और अन्य सुरक्षा कर्मियों की ओर से कथित तौर पर किए गए अत्यधिक बल प्रयोग के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यीय हाई-पावर्ड इंक्वायरी कमेटी (HPEC) का गठन किया है। समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस आर. सुभाष रेड्डी करेंगे।

समिति में कौन-कौन शामिल हैं?

इस पांच सदस्यीय समिति में जस्टिस आर. सुभाष रेड्डी के अलावा पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रवि शंकर झा और दिल्ली हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस शालिंदर कौर शामिल हैं। इसके अलावा पूर्व सीबीआई निदेशक ऋषि कुमार शुक्ला और मेघालय के सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक डॉ. एलआर बिश्नोई भी समिति के सदस्य हैं।




### प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग के किन आरोपों की होगी जांच?

समिति प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पैलेट गन, इलेक्ट्रिक बैटन, लाठीचार्ज और आंसू गैस के कथित अत्यधिक इस्तेमाल से जुड़े आरोपों की जांच करेगी। इसके साथ ही महिला प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कथित हिंसा और पुलिस निगरानी से जुड़े आरोप भी समिति के दायरे में होंगे। समिति यह भी देखेगी कि प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों की ओर से उठाए गए कदम स्थिति के अनुपात में थे या नहीं। इसके अलावा घायलों को दी गई चिकित्सीय सहायता और पीड़ितों को मुआवजे से जुड़े पहलुओं की भी जांच की जाएगी।

### पुलिस और सार्वजनिक संपत्ति से जुड़े आरोपों का क्या होगा?

समिति केवल प्रदर्शनकारियों की शिकायतों तक सीमित नहीं रहेगी। अधिकारियों की ओर से पुलिस कर्मियों के खिलाफ हुई हिंसा और सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान से जुड़े आरोपों पर भी विचार किया जाएगा। इस तरह समिति प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा बलों की कार्रवाई और अधिकारियों की ओर से उठाए गए संबंधित आरोपों, दोनों पहलुओं की जांच करेगी।

# जापानी प्रतिनिधिमंडल ने किया ताज का दीदार



टीएनएफ टुडे, आगरा।

- यामानाशी प्रीफेक्चर के गवर्नर के नेतृत्व में आए उच्चस्तरीय 240 सदस्य
- पारंपरिक ब्रज का मयूर नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति
- उत्तर प्रदेश और जापान के मध्य मजबूत होंगे औद्योगिक, तकनीकी सहयोग
- प्रदेश व जनपद में निवेश के नवीन अवसरों को बढ़ावा देना प्रमुख उद्देश्य

जापान के यामानाशी प्रीफेक्चर के गवर्नर कोटारो नागासाकी, उप-गवर्नर जुनिची इशिदेरा के नेतृत्व में उच्चस्तरीय 240 सदस्यीय जापानी प्रतिनिधिमण्डल ने गुरुवार को ताज महल दीदार किया। प्रतिनिधिमंडल के फतेहाबाद रोड स्थित होटल जेपी पैलेस पहुंचने पर उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आगवानी की। महानिदेशक पर्यटन डॉ. वेदपति मिश्र, जिलाधिकारी मनीष बंसल, पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार, अपर आयुक्त राजेश कुमार ने गवर्नर कोटारो नागासाकी के नेतृत्व में 240 सदस्यीय जापानी प्रतिनिधिमंडल का पुष्पगुच्छ देकर, रोली तिलक से भव्य स्वागत किया।

दोपहर के भोजन के दौरान यामानाशी प्रीफेक्चर के गवर्नर कोटारो नागासाकी, उप-गवर्नर जुनिची इशिदेरा के नेतृत्व में उच्च स्तरीय जापानी प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मुलाकात की गई। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने ताजमहल का अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल के स्वागत में मार्ग पर ब्रज के लोकनृत्य तथा सांस्कृतिक की प्रस्तुति दी गई। बता दें कि जापानी प्रतिनिधिमंडल का दौरा उत्तर प्रदेश में निवेश, व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। यह प्रतिनिधिमंडल 'यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट' और बिजनेस कॉन्क्लेव के सिलसिले में भारत आया है। जापानी उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ उत्तर प्रदेश में विनिर्माण, स्वच्छ ऊर्जा , तकनीकी सहयोग और रोजगार के अवसरों के नए द्वार खोलेगा। गवर्नर कोटारो नागासाकी ने सपत्नीक ताज महल का दीदार किया। ताजमहल को देखकर वह अभिभूत नजर आए। ताजमहल अवलोकन के बाद पर्यटन मंत्री ने गवर्नर को ताज का मोमेंटो भेंट किया।

अरुणाचल के विकास पर बोले रिजिजू, चीनी घुसपैठ को लेकर ये कहा

# 'पहले सीमाओं की अनदेखी हुई, अब शीर्ष प्राथमिकता'

एजेंसी, नई दिल्ली।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को कहा कि देश की सीमा से सटे इलाके, जिनकी पहले अनदेखी की गई थी। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शीर्ष प्राथमिकता बन गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सीमाई इलाकों में विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### किरेन रिजिजू ने एक्स पर क्या पोस्ट किया?

किरेन रिजिजू ने एक्स पर अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती



इलाकों माजा, गालेमो और तक्सिंग के दौरे का एक वीडियो भी पोस्ट किया। वीडियो में बुनियादी ढांचे के काम के लिए मशीनें चलती दिखीं। केंद्रीय मंत्री ने सेना के जवानों और स्थानीय लोगों से बातचीत की। वीडियो में दुर्गम और ऊबड़-खाबड़ हिमालयी इलाका भी दिखा जो सामरिक दृष्टि से बेहद अहम है।

### किरेन रिजिजू ने क्या कहा?

एक्स पर पोस्ट करते हुए किरेन रिजिजू ने लिखा, 'कुछ लोग सीमा को लेकर लापरवाही से टिप्पणी कर देते हैं। सीमाई क्षेत्र मुश्किल हैं, लेकिन मौजूदा केंद्र सरकार सीमा के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मैं अरुणाचल प्रदेश के माजा, गालेमो, तक्सिंग इलाकों में गया ताकि बुनियादी ढांचे के काम तेज किए जा सकें। पहले सीमाओं की अनदेखी हुई थी लेकिन अब यह शीर्ष प्राथमिकता है।'

### नेता प्रतिपक्ष के दावे को किया खारिज

केंद्रीय मंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है, जब विपक्षी नेता लगातार आरोप लगा रहे हैं कि केंद्र सरकार चीनी घुसपैठ की जानकारी छिपा रही है। सीमा पर भारतीय क्षेत्र की ठीक से रक्षा नहीं कर रही है।इससे पहले बुधवार को आईएएनएस से विशेष बातचीत में किरेन रिजिजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उस दावे को खारिज किया। उन्होंने कहा, 'ऐसे बयान नहीं देने चाहिए। अरुणाचल प्रदेश में कई जगहों पर मुद्दे हैं। इन मुद्दों की जड़ को समझने की जरूरत है।

### मंत्री ने किस पर चिंता जताई?

उन्होंने कहा, 'लोगों के लिए अलग-अलग वीडियो शेयर करके भ्रम फैलाना गलत है। सीमा को लेकर वाकई एक मुद्दा है। अरुणाचल प्रदेश के कुछ ग्रामीणों ने सीमा को लेकर चिंता जताई है। यह सही भी है, क्योंकि वहां सीमा तय नहीं है।' केंद्नीय मंत्री ने बताया कि इस इलाके की दुर्गम जमीन के कारण पहले यहां स्थायी बसावट कम थी। इन इलाकों का इस्तेमाल पहले शिकार और चराई के लिए होता था, रहने के लिए नहीं। सीमा तय न होने के कारण भारत और चीन के बीच लंबे समय से तनाव रहा है।

### चीन पर क्या आरोप लगाया?

रिजिजू के मुताबिक मुद्दे की जड़ सीमा पर बुनियादी ढांचे के विकास की रफ्तार से भी जुड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि चीन ने बहुत पहले सड़कें और अन्य ढांचा बनाना शुरू कर दिया था, जबकि कांग्रेस की सरकारों ने अलग नीति अपनाई। रिजिजू ने दावा किया कि 2014 में मोदी सरकार आने के बाद स्थिति बदली। सरकार ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सीमा इलाकों में सड़क और कनेक्टिविटी पर जोर दिया।

## मंत्रियों का सोशल मीडिया रिपोर्ट कार्ड: पीएम मोदी सबसे आगे

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अब केंद्रीय मंत्रियों के सोशल मीडिया प्रदर्शन का भी आकलन शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मंत्रियों की सोशल मीडिया सक्रियता और लोगों के जुड़ाव से जुड़ी रिपोर्ट पेश की गई। इस रिपोर्ट में प्रधानमंत्री मोदी सबसे ऊपर रहे। मंत्रियों की फेसबुक, लिंक्डइन, एक्स और इंस्टाग्राम पर मौजूदगी और प्रदर्शन का विश्लेषण किया गया। सरकार ने अब मंत्रियों को इन मंचों पर अपनी पहुंच बढ़ाने और खासकर युवाओं से बेहतर तरीके से जुड़ने के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट में मई से 15 अगस्त तक की गतिविधियों का अध्ययन किया गया। कुछ आकलनों में एक मई से 15 अगस्त, 2026 के बीच इंस्टाग्राम, एक्स और फेसबुक पर मंत्रियों की गतिविधियों को आधार बनाया गया।



# लखनऊ एक्सप्रेसवे पर जापानी इन्वेस्टर का स्वागत

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।





गुरुवार को उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश और वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आए जापानी प्रतिनिधिमंडल का आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भव्य स्वागत किया गया। इन्वेस्ट यूपी के तहत आए जापानी प्रतिनिधिमंडल जापान के गवर्नर यामानाशी प्रीफेक्चर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल को जयवीर सिंह पर्यटन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अपने साथ एक्सप्रेसवे के रास्ते लेकर गए थे। इन्वेस्टर यूपी के तहत उच्चस्तरीय दल का एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 21 स्थित टोल प्लाजा प्रतापपुरा पर यूपीडा व टोल प्रबंधन के अधिकारियों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। यूपीडा के मुख्य सुरक्षा अधिकारी आरएन सिंह के नेतृत्व में जापानी मेहमानों को पारंपरिक रूप से फूल-मालाएं पहनाई गईं और बुके भेंट कर उनका स्वागत किया गया। जापानी दल ने भी यूपीडा के एक्सप्रेसवे की विश्वस्तरीय ढांचागत सुविधाओं की सराहना की। यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट 2026 के तहत उत्तर प्रदेश और जापान के बीच इन्वेस्टमेंट, इनोवेशन, मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप निवेश, नवाचार, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी साझेदारी को बढ़ावा देना है। वहीं लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से शिष्टाचार भेंट करेगा। इसके अतिरिक्त, प्रतिनिधिमंडल वाराणसी में गंगा आरती और सारनाथ में ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन भी करेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से राधामोहन द्विवेदी, प्रोजेक्ट मैनेजर प्रमोद धनगर, सोबरन सिंह, सद्दाम हुसैन, अतुल शर्मा,विकास तिवारी, प्रदीप,दीपक सिंह, दीपू सिंह, आरके. चौधरी, ओमवीर गुर्जर, पंकज शर्मा, आशीष, मोहित,यतेंद्र सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन से पहले वेतन जारी करने की मांग

टीएनएफ टुडे, एत्मादपुर।

रक्षाबंधन एवं ईद-ए-मिलाद जैसे प्रमुख त्योहारों को देखते हुए विशिष्ट बीटीसी प्राथमिक शिक्षक एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश ने बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का अगस्त माह का वेतन त्योहारों से पहले जारी करने की मांग की है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हरेश चौहान ने अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को भेजे पत्र में कहा कि 26 अगस्त को ईद-ए-मिलाद तथा 28 अगस्त को रक्षाबंधन का पवित्र पर्व मनाया जाएगा। त्योहारों के अवसर पर शिक्षक एवं कर्मचारी अपने परिवार के साथ आवश्यक खरीदारी एवं अन्य तैयारियां समय से कर सकें, इसके लिए वेतन का समय पर भुगतान जरूरी है। उन्होंने शासन से मांग की कि रक्षाबंधन से पहले, 26 अगस्त तक अगस्त माह का वेतन शिक्षकों एवं कर्मचारियों के खातों में भेजने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र तोमर एवं प्रदेश महामंत्री अजय सिकरवार ने भी शासन से शिक्षक हित में त्वरित निर्णय लेने की मांग की। संगठन ने कहा कि समय से वेतन मिलने से प्रदेश के हजारों बेसिक शिक्षक एवं कर्मचारी अपने परिवार के साथ त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ मना सकेंगे।

# जनगणना ड्यूटी के बदले प्रतिकर अवकाश की मांग

टीएनएफ टुडे, एत्मादपुर/आगरा।



जनगणना-2026 के प्रथम चरण में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान ड्यूटी करने वाले बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को प्रतिकर अवकाश अथवा नियमानुसार उपार्जित अवकाश दिए जाने की मांग उठी है।

निर्वाचन कर्मचारी वेलफेयर समिति उत्तर प्रदेश ने इस संबंध में मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग को पत्र भेजकर आवश्यक शासनादेश जारी करने की मांग की है। समिति का कहना है कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अपने निर्धारित ग्रीष्मकालीन अवकाश का त्याग कर भीषण गर्मी में पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ दायित्व का निर्वहन किया।

समिति ने पत्र में बेसिक शिक्षा विभाग के शासनादेश का हवाला देते हुए कहा कि अवकाश अवधि में विभागीय आदेश पर कार्य लिए जाने की स्थिति में नियमानुसार प्रतिकर अवकाश/उपार्जित अवकाश का लाभ दिए जाने का प्रावधान है। समिति ने मांग की कि जनगणना-2026 के प्रथम चरण में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान कार्य करने वाले सभी पात्र शिक्षक एवं कर्मचारियों को चिन्हित कर कार्य की अवधि के अनुपात में प्रतिकर अवकाश प्रदान किया जाए।

जिन मामलों में सेवा नियमों के अनुसार प्रतिकर अवकाश के स्थान पर उपार्जित अवकाश अनुमन्य हो, वहां उसका लाभ भी दिया जाए। समिति ने शासन से इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है, ताकि जनगणना ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को उनके त्याग और अतिरिक्त कार्य के अनुरूप नियमानुसार अवकाश का लाभ मिल सके।

> पत्र की प्रतिलिपि महानिदेशक स्कूल शिक्षा, निदेशक बेसिक शिक्षा तथा सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है।
>
> —मानवेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेश महामंत्री, निर्वाचन कर्मचारी वेलफेयर समिति उत्तर प्रदेश

# अनुष्का ने कैनवास पर उकेरा नशे का दर्द

## राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।



तहसील क्षेत्र अंतर्गत कस्बा सैंया स्थित राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आकर्षक और संदेशपरक पोस्टर तैयार किए।

पोस्टरों के माध्यम से नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक हानियों को प्रभावी ढंग से दशार्या गया। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने भविष्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। प्राचार्य डॉ रविन्द्र कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों की रचनात्मकता समाज में जागरूकता फैलाने का सशक्त माध्यम बन सकती है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. विजय आनंद गौतम ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, शिक्षा और करियर पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, इसलिए युवाओं को इससे दूर रहना चाहिए। प्रतियोगिता में बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अनुष्का पाठक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीएससी तृतीय सेमेस्टर की सरिता और लक्ष्मी संयुक्त रूप से द्वितीय रहीं। जबकि याना शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# अधिवक्ता के वकालत चेंबर का उद्घाटन

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

तहसील परिसर फतेहाबाद में गुरुवार को अधिवक्ता देवेंद्र सिंह कुशवाहा की नई वकालत सीट चेंबर का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया के द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया ने कहा कि समाज में वकीलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अधिवक्ता पीड़ित और जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने का काम करते हैं और वे लोकतंत्र के एक मजबूत स्तंभ हैं। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र प्रसाद शर्मा मुन्ना लंबरदार ने कहा कि अधिवक्ता समाज के ऐसे लोगों की आवाज बनते हैं, जिन्हें गलत तरीके से फंसाया जाता है। वे न्याय पालिका के माध्यम से पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाकर समाज में संतुलन बनाए रखने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर देवेंद्र त्यागी, राजू तैंनगुरिया, सुशील शर्मा, डॉ. शेर सिंह चौहान, जिला प्रचारक कुलदीप कुमार, दिव्यांशु, देवेंद्र सिकरवार, प्रवीन भोलू गुर्जर, भीमसेन सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# दिव्यांग छात्राओं को मिलेगी नि:शुल्क ई ट्राईसाइकिल

टीएनएफ टुडे, आगरा।

उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग आगरा मण्डल / प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने दिव्यांग छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देने और उनके आवागमन को सुगम बनाने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। वित्तीय वर्ष 2026-27 से लागू नई व्यवस्था के तहत पात्र दिव्यांग छात्राओं को नि:शुल्क ई-ट्राईसाइकिल दिये जाने का प्रावधान किया गया है।

ई-ट्राईसाइकिल केवल ऐसी दिव्यांग छात्राओं को स्कूल कॉलेज, प्रशिक्षण संस्थान, लाइब्रेरी, लैब और हॉस्टल में वर्तमान समय में अध्ययनरत होना अनिवार्य है तथा मरकूलर डिट्रॉफी स्ट्रोक सेरेब्रल पाल्सी हीमोफीलिया ग्रसित हो, ऐसी छात्राएं जिनकी दृष्टि एवं मानसिक स्थिति अच्छी हो कमर के ऊपर का भाग स्वस्थ हो और जो ई-ट्राईसाईकिल पर बैठकर अपने हाथों से उसका संचालन करने में सक्षम हो व जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा उनकी दिव्यांगता प्रमाणित की गयी हो, योजना का लाभ प्राप्त कर सकेगी। विभागीय तकनीकी समिति शारीरिक क्षमता का भौतिक सत्यापन करेगी और ई-ट्राईसाइकिल के लिए उपयुक्त पाऐ जाने पर ही अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन होगी। संबन्धित स्कूल, कॉलेज या प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य / संस्था अध्यक्ष द्वारा छात्रा के अध्ययनरत होने का प्रमाण-पत्र देना अनिवार्य होगा, जिसकी पुष्टि विभाग द्वारा की जायेगी। दिव्यांग छात्रा या उसके परिवार का कोई सदस्य आयकरदाता नहीं होना चाहिए। जनपद की प्रत्येक विधान सभा में 20 ई-ट्राईसाकिलों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

उक्तानुसार पात्र दिव्यांग छात्राओं को लाभान्वित किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी फिरोजाबाद में सम्पर्क किया जा सकता है।

# 81वीं फातिहा जश्न-ए-हुजूर महबूबुल औलिया हजरत ख्वाजा सूफी लियाकत हुसैनशाह उर्फ मुन्ने मियां हुजूर



टीएनएफ टुडे, आगरा।

मोहल्ला कोल्हाई ताजगंज स्थित हुजूर अंसारुल औलिया हजरत सूफी मोहम्मद अली शाह अंसारी लियाकती की खानकाह शरीफ और मकान, मोहल्ला कोल्हाई ताजगंज, आगरा में मनाई गई।

हर महीने होने वाली 81वीं फातिहा हुजूर महबूबुल औलिया हजरत ख्वाजा सूफी लियाकत हुसैनशाह उर्फ मुन्ने मियां हुजूर का जश्न तारीख 16/8/2026 को, दिन रविवार को, चाँद की 2 तारीख को, 1448 हिजरी में बड़ी शानो-शौकत और धूमधाम के साथ मनाया गया।

जश्न-ए-महबूबुल औलिया की सरपरस्ती हुजूर बदरुल औलिया मुमताजुल मशाइख हजरत ख्वाजा सूफी जावेद हुसैन शाह, सज्जादानशीन दरगाह-ए-मुअल्ला हसनी अजीजी लियाकती, मुर्शीद नगर भेसोड़ी शरीफ, जिला रामपुर, यूपी के सान्निध्य में हुई।

**कार्यक्रम इस प्रकार रहा:**

- नमाज-ए-असर के बाद फातिहा की गई।
- मगरिब की नमाज से पहले जश्न-ए-चरागां किया गया।
- उसके बाद मगरिब की नमाज अदा की गई।
- नमाज-ए-मगरिब के बाद हल्का-ए-ज़िक्र किया गया।
- इसके बाद ज़िक्र-ए-मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम किया गया।
- फिर महफिल-ए-समा कव्वाली का आयोजन हुआ।
- महफिल के अंत में सभी सूफिया-ए-किराम में लंगर तकसीम किया गया।

नायब सज्जादानशीन: मोहम्मद नाजिम लियाकती जावेदी अंसारी

# आगरा में साइबर ठगों का डबल अटैक

## क्रेडिट कार्ड वेरिफिकेशन और ट्रेडिंग के जाल में फंसाकर लाखों उड़ाए

टीएनएफ टुडे, आगरा।

ताजनगरी में साइबर ठगों ने दो अलग-अलग मामलों में लोगों को डिजिटल जाल में फंसाकर लाखों रुपये की चपत लगा दी। शास्त्रीपुरम निवासी बृजमोहन गोयल को सीनियर सिटीजन क्रेडिट कार्ड वेरिफिकेशन के नाम पर निशाना बनाया गया और उनके खाते से करीब 12.56 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। वहीं दूसरे मामले में भूप सिंह के साथ ऑनलाइन दवा और ट्रेडिंग के नाम पर दो अलग-अलग घटनाओं में कुल करीब 12 लाख रुपये की ठगी किए जाने का आरोप है। दोनों मामलों में पीड़ितों की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर लिए हैं। पुलिस बैंक खातों, मोबाइल नंबरों, डिजिटल लेनदेन और ठगी में इस्तेमाल किए गए ऑनलाइन माध्यमों की जांच कर रही है।

शास्त्रीपुरम निवासी बृजमोहन गोयल के मुताबिक साइबर ठगों ने उन्हें सीनियर सिटीजन क्रेडिट कार्ड वेरिफिकेशन के नाम पर संपर्क किया। ठगों ने व्हाट्सऐप के जरिए एक लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करने के बाद उनके सामने बैंक की वेबसाइट जैसी स्क्रीन खुली। साइबर अपराधियों ने इसी फर्जी स्क्रीन के जरिए उनसे बैंकिंग से जुड़ी जरूरी जानकारी भरवा ली। शुरूआत में पूरी प्रक्रिया सामान्य बैंकिंग प्रक्रिया जैसी दिखाई गई, जिससे उन्हें ठगी का अंदाजा नहीं हो सका। ठगों ने इसके बाद बृजमोहन गोयल से मोबाइल स्क्रीन शेयर करने के लिए कहा। जैसे ही उन्होंने स्क्रीन शेयर की, साइबर अपराधियों ने उनके बैंक खाते से रकम ट्रांसफर करना शुरू कर दिया। कुछ ही समय में खाते से लाखों रुपये अलग-अलग लेनदेन के जरिए निकाल लिए गए। खाते से करीब 12.56 लाख रुपये निकलने के बाद पीड़ित को साइबर ठगी का एहसास हुआ। उन्होंने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बैंक खातों और डिजिटल लेनदेन की जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में भूप सिंह के साथ अलग-अलग घटनाओं में करीब 12 लाख रुपये की साइबर ठगी किए जाने का आरोप है। पहली घटना में ऑनलाइन दवा कंपनी ळअळअ 1ॅ के नाम का इस्तेमाल कर करीब 5.33 लाख रुपये की रकम ठगने का आरोप है। दूसरी घटना में ळअळअ ऋल्लश्ॅ ट्रेडिंग के नाम पर पीड़ित को निवेश और मुनाफे का झांसा दिया गया। इस मामले में करीब 6.66 लाख रुपये की रकम ट्रांसफर कराए जाने की बात सामने आई है। दोनों घटनाओं को लेकर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत की। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ट्रेडिंग से जुड़े साइबर फ्रॉड में आमतौर पर ठग शुरूआत में निवेश का भरोसा दिलाकर पीड़ित को किसी वेबसाइट, ऐप या डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ते हैं। इसके बाद मुनाफा बढ़ने का स्क्रीन पर दिखावा किया जाता है और अलग-अलग शुल्क या निवेश के नाम पर लगातार रकम जमा कराई जाती है। भूप सिंह के मामले में भी ट्रेडिंग के नाम पर 6.66 लाख रुपये की रकम ट्रांसफर कराए जाने की शिकायत सामने आई है। वहीं ऑनलाइन दवा के नाम पर भी 5.33 लाख रुपये की ठगी का आरोप है। साइबर क्राइम थाना पुलिस अब दोनों मामलों में रकम किन बैंक खातों में गई, इसके बाद उसे किन खातों में ट्रांसफर किया गया और ठगी में किन मोबाइल नंबरों व डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल हुआ, इसकी पड़ताल कर रही है। पुलिस बैंक खातों की डिटेल, ट्रांजेक्शन हिस्ट्री और उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। फिलहाल दोनों मामलों में आरोपी अज्ञात बताए गए हैं।

इन दोनों घटनाओं से साफ है कि साइबर अपराधी ठगी के लिए अलग-अलग तरीके अपना रहे हैं। कहीं बैंक की वेबसाइट जैसी फर्जी स्क्रीन तैयार कर लोगों से जानकारी भरवाई जा रही है तो कहीं ऑनलाइन दवा और ट्रेडिंग जैसे भरोसेमंद नामों का इस्तेमाल कर रकम ट्रांसफर कराई जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर मोबाइल की स्क्रीन शेयर करना, बैंकिंग जानकारी साझा करना या व्हाट्सऐप पर आए संदिग्ध लिंक को खोलना भारी नुकसान का कारण बन सकता है।



## ऐतिहासिक कंस मेले का शुभारंभ

फतेहाबाद। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर लोहिया गार्डन में लगे ऐतिहासिक कंस मेले का शुभारंभ गुरुवार की शाम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामसकल गुर्जर ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। गुर्जर ने कहा कि कस्बे में जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित होने वाला यह कंस मेला अत्यंत प्राचीन और ऐतिहासिक महत्व रखता है। यह आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है, जिसे संजोकर रखना हम सभी का दायित्व है। मेला प्रबंधक सुमित गुप्ता ने बताया कि लोहिया गार्डन में लगे इस मेले में बच्चों के झूले, विभिन्न प्रकार की दुकानें तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। उन्होंने कस्बा व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर सपरिवार आनंद उठाने की अपील की। इस अवसर पर कैप्टन राजेश्वर सिंह, सुरेश जरारी, रामनिवास गुर्जर, अंकित गुप्ता, अवकेश गोलस, आशीष, देवेश शुक्ला, सोनू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## विधान परिषद चुनाव की तैयारियों पर चर्चा



फतेहाबाद। भाजपा के द्वारा स्नातक विधान परिषद चुनाव की तैयारी को लेकर बाह व फतेहाबाद विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक गई। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया अध्यक्षता में कस्बा फतेहाबाद के बाह रोड पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बाह व फतेहाबाद विधानसभा के कार्यकर्ता उपस्थित थे जहां विधान परिषद प्रत्याशी डॉ. मानवेन्द्र सिंह रहे। बैठक में आगामी चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों, रणनीति एवं कार्यकताओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर मानवेन्द्र राठौर, सत्येंद्र बरुआ, हरिओम रावत, हीरा सिंह, यशपाल राणा, मंडल अध्यक्ष योगेश चौहान, अंकित गुप्ता, योगेश बघेल, अवकेश गोलस, धर्मेंद्र कुशवाहा, नरेंद्र बघेल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस को धार देने पहुंचीं सांसद भरतपुर



खेरागढ़। आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने खेरागढ़ क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को भरतपुर सांसद संजना जाटव ने खेरागढ़ पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने की रणनीति पर चर्चा की। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनाथ सिकरवार के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सांसद संजना जाटव का जोरदार स्वागत किया। नारेबाजी और उत्साह के बीच कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनाव में पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक में सांसद संजना जाटव ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर कांग्रेस की नीतियों एवं जनहित के मुद्दों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए संगठन की मजबूती सबसे महत्वपूर्ण है। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। बैठक में कांग्रेस के प्रदेश सचिव समरजीत सिंह सिकरवार, राजेंद्र सिंह सिकरवार, कांतिम सिंह सिकरवार, ओमपाल सिंह सिकरवार सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बीडीओ ने की ग्राम पंचायत सचिवों के साथ बैठक

खेरागढ़। विकासखंड कार्यालय में गुरुवार को बीडीओ परवेज आलम ने ग्राम पंचायत सचिवों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने फॉर्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी समेत शासन की विभिन्न योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बीडीओ ने बरसात के दौरान ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने, जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान कराने के साथ ही गांव नरीपुरा ग्रामीणों के नाली विवाद को आपसी सहमति से सुलझाकर जलभराव की समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। दौरान एडीओ पंचायत दीवान सिंह, एडीओ वीरेंद्र सिंह, सचिव डरेलाल, शशि शेखर दुबे, राहुल राजौरिया, राजकुमार सहित समस्त सचिव शामिल रहे।

## 'पीएम विश्वकर्मा जागरूकता कार्यक्रम' आयोजित

आगरा। भारत सरकार, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय, द्वारा 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना' के अंतर्गत पंजीकृत लाभार्थियों के लिए एक दिवसीय 'पीएम विश्वकर्मा जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बल्केश्वर में किया गया। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को उत्पाद के उचित मूल्य निर्धारण, वर्तमान बाजार के रुझान, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के महत्व और आकर्षक पैकेजिंग व लेबलिंग के जरिए ब्रांड वैल्यू बनाने से अवगत कराया गया। इसके साथ ही आधुनिक तकनीक पर जोर देते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित ब्रांडिंग, ओ.एन.डी.सी. प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्डिंग, क्यूआर कोड जेनरेशन तथा उत्पादों के निर्यात शुरू करने की प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।

## मिलावट की आशंका पर 1996 लीटर दूध नष्ट कराया

आगरा। जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों के भंडारण एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद द्वारा दूध एवं दुग्ध पदार्थों पर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण एवं विधिक नमूना संग्रहण की कार्रवाई की गई। संजू पुत्र मोहनलाल, निवासी ग्राम सिरवरा, जनपद हाथरस से ग्राम नगला मुड़ी चौराहा, आगरा में चार पहिया वाहन द्वारा परिवहन किए जा रहे मिश्रित दूध का विधिक नमूना संग्रहित किया गया। राहुल कुमार से मिश्रित दूध का विधिक नमूना संग्रहित किया गया। महेन्द्र सिंह के दुग्ध संग्रह केंद्र, नगला मुड़ी चौराहा, आगरा से मिश्रित दूध का विधिक नमूना संग्रहित किया गया। विक्रेता द्वारा दूध के क्रय-विक्रय से संबंधित आवश्यक अभिलेख भी प्रस्तुत नहीं किए गए। उक्त कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष कुमार सिंह, राकेश कुमार यादव, श्वेता चक्रवर्ती एवं सुरेंद्र कुमार चौरसिया उपस्थित रहे।

## अधीक्षक ने स्टाफ नर्स से मांगा स्पष्टीकरण

फतेहाबाद। सीएचसी फतेहाबाद पर तीन-चार घंटे तक तड़पती रही प्रसूता व प्राइवेट अस्पताल में भेजने के मामले में अधीक्षक ने स्टाफ नर्स से स्पष्टीकरण मांगा गया है। थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव चाचीपुरा खंडेर निवासी अजय कुमार पुत्र लज्जाराम ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए बताया था कि 14 अगस्त को अपनी पत्नी पुष्पा देवी को प्रसव पीड़ा होने पर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद लेकर पहुंचा था जहां तीन-चार घंटे तक उसका कोई इलाज नहीं किया गया। बावजूद उसके फतेहाबाद की एक निजी अस्पताल में भेजा गया था। ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स से स्पष्टीकरण मांगा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद की अधीक्षक डॉ. अभिषेक चौहान से बात करने पर बताया कि ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स से स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं शिकायतकर्ता से भी शिकायत मांगी गई है। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

यूपी-जापान मीट-2026

# आगरा से शुरू हुई जापानी प्रतिनिधिमंडल की उत्तर प्रदेश पर्यटन यात्रा

## मोर नृत्य और बम रसिया ने जापानी प्रतिनिधिमंडल के स्वागत में घोला ब्रज संस्कृति का रंग

टीएनएफ टुडे, आगरा।

ब्रज की पारंपरिक संस्कृति की रंगत, आत्मीय स्वागत और विश्वविख्यात ताजमहल की बेमिसाल खूबसूरती के बीच जापान के यामानाशी प्रान्त के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश की पर्यटन यात्रा की शुरूआत की। आगरा पहुंचा जापानी दल भारतीय संस्कृति और मेहमाननवाजी से रूबरू हुआ। ताजमहल की भव्यता और कारीगरी ने भी प्रतिनिधिमंडल को खासा प्रभावित किया। मोर नृत्य और बम रसिया की मनमोहक प्रस्तुतियों ने जापानी प्रतिनिधिमंडल के स्वागत में ब्रज संस्कृति के रंग भर दिए। यात्रा की शुरूआत से ही विदेशी मेहमानों को उत्तर प्रदेश की समृद्ध विरासत, जीवंत संस्कृति और आत्मीय आतिथ्य की अनूठी झलक देखने को मिली।





जापान के यामानाशी प्रीफेक्चर के गवर्नर कोटारो नागासाकी और उप-राज्यपाल जुनिची इशिदेरा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल दिन में गलगोटियास विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद आगरा पहुंचा। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह तथा पर्यटन विभाग की महानिदेशक डॉ. वेदपति मिश्र ने जयपी पैलेस में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मुलाकात की। कार्यक्रम को इस तरह तैयार किया गया था कि प्रतिनिधिमंडल को केवल ताजमहल ही नहीं, बल्कि ब्रज क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और परंपरागत आतिथ्य का भी अनुभव हो।

ताजमहल को देखने के बाद यामानाशी के राज्यपाल कोटारो नागासाकी ने कहा कि 'तस्वीरों में कई बार देखने के बावजूद इसे करीब से देखना बिल्कुल अलग अनुभव है। उन्होंने आगे कहा, कि ताजमहल को मैंने तस्वीरों में कई बार देखा था, लेकिन यहां आकर इसकी कारीगरी को बिल्कुल अलग तरीके से महसूस किया। दूर से यह जितना भव्य दिखाई देता है, करीब से इसकी बारीकियां उतना ही अधिक प्रभावित करती हैं।'

> **'यूपी टूरिज्म को मिलेगा नया आयाम'**
>
> मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 'इस यात्रा से जापानी पर्यटकों और संस्थानों के बीच उत्तर प्रदेश को लेकर प्रत्यक्ष समझ विकसित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, भारत और जापान के बीच पहले से ही मजबूत संबंध रहे हैं। पर्यटन इन संबंधों को एक मानवीय आयाम देता है, क्योंकि इसमें लोग एक-दूसरे की संस्कृति को सीधे अनुभव करते हैं। यदि इस यात्रा के माध्यम से अधिक जापानी पर्यटक उत्तर प्रदेश को जानने और देखने के लिए प्रेरित होते हैं और हमारे पर्यटन संस्थानों के बीच सहयोग मजबूत होता है, तो यह यात्रा अपने उद्देश्य से कहीं अधिक सार्थक साबित होगी।'

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 'आगरा, जापानी प्रतिनिधिमंडल की उत्तर प्रदेश यात्रा का पहला पड़ाव है। ताजमहल की भव्यता से रूबरू होने के बाद अब यह यात्रा प्रतिनिधिमंडल को प्रदेश के उन रंगों और अनुभवों से जोड़ेगी, जो उत्तर प्रदेश की पर्यटन पहचान को और व्यापक बनाते हैं। उन्होंने कहा कि ताजमहल भले ही यूपी को जानने का सबसे परिचित और आकर्षक प्रवेश द्वार हो, लेकिन आगे का सफर प्रदेश की विविधता की नई तस्वीर पेश करेगा। मंत्री ने आगे कहा, लखनऊ में जापानी दल अवधी मेहमाननवाजी, लजीज व्यंजन और बेहतर पर्यटन को करीब से महसूस करेंगे। पूर्वी उत्तर प्रदेश की यात्रा उन्हें भारत और जापान के बीच सदियों पुराने बौद्ध और आध्यात्मिक रिश्तों से रूबरू कराएगी। हमारा प्रयास है कि प्रतिनिधिमंडल आगरा, लखनऊ और पूर्वांचल के इन अलग-अलग पड़ावों को केवल अलग पर्यटन स्थलों के रूप में नहीं, अपितु उत्तर प्रदेश के एक व्यापक और आपस में जुड़े पर्यटन अनुभव के रूप में देखें।'

यामानाशी के उप-राज्यपाल जुनिची इशिदेरा ने ब्रज संस्कृति की सराहना करते हुए कहा कि 'जापानी प्रतिनिधिमंडल के यात्रा की शुरूआत सीधे तौर पर किसी पर्यटन स्थल से न होकर स्थानीय संस्कृति के अनुभव से होना खास रहा। उन्होंने कहा, पारंपरिक स्वागत ने हमें क्षेत्र की संस्कृति से परिचित कराया। इससे किसी स्थान को देखने से पहले ही उसके बारे में जानने और समझने की जिज्ञासा पैदा होती है।'

आगरा प्रवास के बाद जापानी प्रतिनिधिमंडल गुरुवार शाम लखनऊ पहुंचेगा। 21 अगस्त को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक बड़े पर्यटन कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। यहां 50 से अधिक टूर ऑपरेटरों, होटल कारोबारियों और उद्यमियों के साथ राउंडटेबल बैठक होगी। इसके साथ पर्यटन प्रदर्शनी और आपसी सहयोग की संभावनाओं पर विभिन्न संवाद सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। लखनऊ का कार्यक्रम प्रतिनिधिमंडल की यात्रा को पर्यटन स्थलों के अनुभव से आगे बढ़ाते हुए पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में संस्थागत सहयोग की संभावनाओं पर केंद्रित करेगा। इस दौरान बौद्ध पर्यटन, वेलनेस, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और पर्यटकों के लिए नए अनुभव विकसित करने जैसे विषयों पर चर्चा होने की संभावना है।

इसके बाद प्रतिनिधिमंडल पूर्वी उत्तर प्रदेश की यात्रा करेगा, जिसमें वाराणसी सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थल शामिल होंगे। यात्रा कार्यक्रम में प्रदेश की आध्यात्मिक और बौद्ध विरासत को प्रमुखता से शामिल किया गया है।



# ताज पर फिदा हुईं मिस इंटरनेशनल कैटालिना

> ■ बारिश की बूंदों के बीच मिस इंटरनेशनल 2025 और मिस इंटरनेशनल इंडिया 2025 ने किया ताजमहल का दीदार

टीएनएफ टुडे, आगरा।

ताजमहल की खूबसूरती ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच की चर्चित हस्तियों को अपना कायल बना लिया। मिस इंटरनेशनल 2025 कैटालिना ड्यूक बुधवार शाम आगरा पहुंचीं और बारिश की फुहारों के बीच उन्होंने ताजमहल का दीदार किया। उनके साथ मिस इंटरनेशनल इंडिया 2025 रूश सिंधु भी मौजूद रहीं। दोनों ने करीब एक घंटे तक ताजमहल परिसर में घूमकर स्मारक की वास्तुकला, संगमरमर की नक्काशी और पच्चीकारी को करीब से देखा।

कैटालिना ड्यूक और रूश सिंधु बुधवार शाम करीब पांच बजे ताजमहल पहुंचीं। उस समय आगरा में बारिश हो रही थी। मौसम की फुहारों के बीच दोनों ने ताजमहल परिसर का भ्रमण किया और स्मारक की खूबसूरती को निहारा। दोनों ने ताजमहल के साथ कई तस्वीरें खिंचवाईं और अलग-अलग स्थानों पर फोटो क्लिक कराए। उनके इस अंदाज को देखकर वहां मौजूद पर्यटक भी उत्साहित नजर आए। ताजमहल की खूबसूरती को करीब से देखने के बाद कैटालिना ड्यूक बेहद प्रभावित नजर आईं। स्मारक की अद्भुत वास्तुकला और बारीक नक्काशी को देखने के बाद उन्होंने कहा– ओह वॉव, इट्स वेरी ब्यूटीफुल। ताजमहल के सफेद संगमरमर पर की गई बारीक पच्चीकारी और इसकी स्थापत्य शैली ने उनका खास ध्यान खींचा। उन्होंने स्मारक की ऐतिहासिक और वास्तु विरासत की सराहना की। ताजमहल भ्रमण के दौरान गाइड रमेश ने दोनों को स्मारक के इतिहास, निर्माण और वास्तुकला से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने ताजमहल के संगमरमर पर की गई पच्चीकारी और उसमें इस्तेमाल किए गए पत्थरों की विशेषताओं के बारे में भी बताया। कैटालिना और रूश ने ताजमहल की विभिन्न संरचनाओं को करीब से देखा और गाइड से कई जानकारियां हासिल कीं। स्मारक की बारीक नक्काशी को देखकर दोनों काफी खुश नजर आईं। मिस इंटरनेशनल 2025 और मिस इंटरनेशनल इंडिया 2025 को एक साथ ताजमहल परिसर में देखकर पर्यटकों में भी उत्सुकता बढ़ गई। कई पर्यटकों ने दोनों के साथ सेल्फी लेने की कोशिश की। दोनों ने भी पर्यटकों का अभिवादन किया और तस्वीरें खिंचवाईं। बारिश के बावजूद ताजमहल परिसर में उनके आसपास लोगों की नजरें टिकी रहीं। महाराष्ट्र के नागपुर की रहने वाली रूश सिंधु ने ताजमहल को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि ताजमहल केवल एक खूबसूरत स्मारक नहीं, बल्कि दुनिया में भारत की पहचान से जुड़े प्रमुख स्थलों में शामिल है।

# अपर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने किया आगरा-मथुरा रेलखंड का निरीक्षण

> ■ आगरा कैंट से मथुरा जंक्शन तक विभिन्न स्टेशनों, यात्री सुविधाओं, निर्माणाधीन कार्यों एवं संरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

टीएनएफ टुडे, आगरा।



उत्तर मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक राजकुमार वानखेड़े ने आगराझमथुरा रेलखंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं, निर्माणाधीन कार्यों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरूआत आगरा कैंट रेलवे स्टेशन से हुई। जहां अपर महाप्रबंधक ने प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय, द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय तथा फुट ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं स्टेशन पर यात्री आवागमन व्यवस्था का जायजा लिया। इसके उपरांत उन्होंने कीठम रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। यहां नव निर्मित गुड्स शेड का जायजा लेने के साथ स्टेशन भवन एवं ऑन-ड्यूटी स्टेशन स्टाफ से स्टेशन की कार्यप्रणाली एवं परिचालन से संबंधित फीडबैक लिया। उन्होंने स्टेशन पर प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज सहित अन्य यात्री सुविधाओं का और स्टेशन यार्ड में प्वाइंट एवं क्रॉसिंग का भी निरीक्षण किया।

अपर महाप्रबंधक ने मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर उन्होंने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय एंट्री का निरीक्षण किया। प्लेटफॉर्म नंबर 1, पे एंड यूज सुविधा तथा अन्य यात्री सुविधाओं का जायजा लेते हुए उन्होंने यात्रियों की सुविधा एवं बेहतर यात्री प्रबंधन पर जोर दिया।

अपर महाप्रबंधक ने मथुरा जंक्शन की सेकंड एवं थर्ड एंट्री पर निर्माणाधीन होल्डिंग एरिया का भी निरीक्षण किया तथा कार्य की प्रगति की जानकारी ली। इसके साथ ही सेकंड एंट्री की लिफ्ट एवं स्टेशन यार्ड में दिल्ली एंड की प्वाइंट एवं क्रॉसिंग व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक गिरीश कुमार गुप्ता व अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आगरा कॉलेज के प्राचार्य और प्रोफेसर्स में ठनी

### प्रिंसिपल बोले- 6 लोगों ने की मारपीट की कोशिश

टीएनएफ टुडे, आगरा।

आगरा कॉलेज के प्राचार्य और प्रोफेसर्स के बीच ठन गई है। फिलहाल मामला सुलटते नजर नहीं आ रहा है। कालेज के प्राचार्य का कहना है कि बुधवार सुबह अध्यापन समय में कॉलेज की कक्षाओं का निरीक्षण किया जा रहा था। 10 से 11 बजे के बीच अंग्रेजी विभाग की निर्धारित कक्षा में डॉ. विवेक भटनागर मौजूद नहीं मिले। प्राचार्य का आरोप है कि इस बारे में पूछने पर उन्होंने आक्रामक रवैया अपनाया और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। इसके बाद सुबह 11 बजे डॉ. प्रियम अंकित भी अपनी निर्धारित कक्षा में नहीं मिले। मोबाइल पर संपर्क करने पर उन्होंने भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया। प्राचार्य के मुताबिक, कक्षाओं के निरीक्षण के बाद मामला और बढ़ गया। कई शिक्षक उनके कार्यालय पहुंचे और हंगामा करने लगे। प्राचार्य ने पुलिस को दी तहरीर में




अंग्रेजी विभाग के प्रो. डॉ. विवेक भटनागर, डॉ. प्रियम अंकित समेत 6 प्रवक्ताओं के नाम दिए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षकों ने अभद्रता की, प्रशासनिक कार्य में बाधा डाली और समूह बनाकर मारपीट की कोशिश की। प्राचार्य ने यह भी बताया कि इन शिक्षकों के देरी से आने और समय पर कक्षाएं नहीं लेने की शिकायतें छात्रों की ओर से पहले भी मिल चुकी हैं। अंग्रेजी विभाग के प्रो. डॉ. विवेक भटनागर ने प्राचार्य के आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा, 'हम विवाद या मारपीट करने नहीं गए थे। हम केवल बातचीत करने के लिए प्राचार्य के पास गए थे। निरीक्षण के नाम पर जिस तरह का व्यवहार किया गया, उसी को लेकर बात करने गए थे।

## रोडवेज प्रबंधन और यूनियन शिष्ट मंडल के बीच वार्ता आज

**आगरा।** रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक बीपी अग्रवाल ने अपने कार्यालय से यूपी रोडवेज इम्प्लॉइज यूनियन शिष्ट मंडल को वार्ता के लिए आमन्त्रित किया है। यहां बता दें कि यूनियन ने रोडवेज कर्मचारियों की मूलभूत समस्याओं, जिनमें चालक, परिचालकों का स्थाई रूप से बस, मार्ग, आबंटन तत्काल किया जाये एवं समय सारिणी से बसों का संचालन कराया जाये।

महिला परिचालकों के लिए रैस्ट रूम, बाथरूम जल्द बनवाया जाये, महिला परिचालकों को समय से ड्यूटी दी जाये, लोड फैक्टर एवं डीजल औसत के नाम पर वेतन से कटौती व प्रताड़ना बन्द किया जाये। कार्यशालाओं में कार्यरत आउटसोर्स कार्मिकों का मानदेय बढ़ाकर दिया जाये, जन सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाय आदि 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आन्दोलन करने की बात कही थी। जिस पर क्षेत्रीय प्रबंधक आगरा ने 21 अगस्त को यूनियन प्रतिनिधियों को वार्ता हेतु आमंत्रित किया है।



## तीज उत्सव में दिखी महिलाओं की रचनात्मकता

**आगरा।** कृत्रिम गभार्धान ट्रस्ट की ओर से हरियाली तीज के पावन अवसर पर एक भव्य एवं मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ट्रस्ट के संस्थापक एसएस चौधरी एवं अध्यक्ष कमलेश चौधरी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में करीब 60 से 70 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं एवं संचालन में अनीता अग्रवाल, मोनिका मित्तल एवं स्नेहलता अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। हरियाली तीज के अवसर पर महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें महिलाओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया। खेल प्रतियोगिताओं के दौरान हंसी-खुशी और उत्साह का माहौल बना रहा। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में पारुल मित्तल, शालिनी सिंघल, निराला वर्मा, ज्योति चौधरी, पूजा चौधरी, तनु चौधरी, प्रीति चौधरी, अंजू शर्मा, कल्पना शर्मा, शालू सिंघल एवं राधा अग्रवाल सहित कई महिलाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार जीते। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने, अपनी प्रतिभा दिखाने और त्योहारों को सामूहिक रूप से मनाने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में महिलाओं ने हरियाली तीज की पारंपरिक भावना के साथ खूब आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजा कैटर्स एवं विनोद क्रॉकरी की ओर से विशेष सहयोग प्रदान किया गया। आयोजकों ने सभी सहयोगियों, प्रतिभागी महिलाओं एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## श्री सिनेमा में फिल्म देखने पहुंचे युवकों से मारपीट

**आगरा।** थाना हरिपर्वत क्षेत्र स्थित श्री सिनेमा में फिल्म देखने पहुंचे युवकों के साथ मारपीट का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। घटना रात करीब 10:45 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, फिल्म देखने आए युवकों का कैंटीन कर्मचारियों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मारपीट होने का आरोप है। पीड़ित युवकों ने कैंटीन कर्मचारियों के साथ ही कुछ अज्ञात युवकों पर भी मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना से जुड़ा मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पीड़ित पक्ष ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही वायरल वीडियो के आधार पर मारपीट में शामिल आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है। फिलहाल घटना को लेकर पुलिस स्तर पर जांच की बात सामने आ रही है। पुलिस वायरल वीडियो और घटनास्थल से जुड़े तथ्यों के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है।

## कम्पोजिट विद्यालय श्यामा देवी का सीडीओ ने किया निरीक्षण

**आगरा।** निरीक्षण के समय श्यामादेवी कम्पोजिट विद्यालय में पंजीकृत छात्र 128 के सापेक्ष 108 छात्र उपस्थित मिले। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय मण्डी सईद खां में पंजीकृत छात्र 63 के सापेक्ष 56 छात्र निरीक्षण के समय उपस्थित थे। उक्त विद्यालय परिसर में ही 02 अन्य विद्यालय कम्पोजिट विद्यालय वजीरपुरा एवं प्राथमिक विद्यालय कन्या वजीरपुरा शिफ्ट करते हुए संचालित किये जा रहे हैं। विद्यालय के निरीक्षण में सभी छात्र यूनिफार्म में मिले। छात्रों को दिये जाने वाले मिड डे मील की गुणवत्ता संतोषजक पाई गई। छात्रों द्वारा भी उन्हें दिये जा रहे भोजन को अच्छा बताया गया। निरीक्षण में सभी छात्रों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण शतप्रतिशत कर दिया गया है। जिसकी पुष्टि छात्रों द्वारा की गई। विद्यालय में पीने के पानी के लिए आरओ सिस्टम लगा हुआ।

# श्रीरामलीला और जनकपुरी महोत्सव धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा

टीएनएफ टुडे, आगरा।

आयोजन समिति के अध्यक्ष राजू यादव ने बताया कि भूमि पूजन के साथ ही जनक महल के आधार निर्माण के लिए बल्लियां लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। समिति का प्रयास है कि 6 अक्टूबर को निकलने वाली श्रीराम बरात से पहले जनकपुरी को पूरी तरह तैयार कर लिया जाए। इसके लिए निर्माण और सजावट से जुड़े सभी कार्यों की गति बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि सीता जी के डोले में शामिल होने के लिए जनकपुरी पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को मंच की भव्यता भाव-विभोर कर दे, इसके लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। भूमि पूजन के लिए तैयार पंडाल को पूरी तरह वाटरप्रूफ बनाया गया था। बारिश के कारण कीचड़ की समस्या न हो, इसके लिए पंडाल में फ्लोर भी तैयार किया गया। वास्तु के अनुसार हवन और धार्मिक कार्यों के लिए ईशान कोण का चयन किया गया। अतिथियों की प्रसादी के लिए तैयार रसोई भी शुभ दिशा में बनाई गई। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि श्रीरामलीला और जनकपुरी महोत्सव आगरा की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा हैं। जनक महल का यह भव्य स्वरूप आने वाली पीढ़ियों को संस्कृति, परंपरा और सनातन मूल्यों से जोड़ने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम और माता सीता के आदर्श केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं हैं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए मयार्दा, त्याग और कर्तव्य का संदेश देते हैं।

श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष एवं विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने कहा कि जनकपुरी महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि गौरवशाली संस्कृति और परंपराओं का जीवंत स्वरूप है। महापौर हेमलता दिवाकर ने कहा कि जनकपुरी महोत्सव आगरा की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण पर्व है।

जनक महल की भव्यता और पूरे क्षेत्र की आकर्षक सजावट देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगी। भूमि पूजन के बाद अजय गर्ग अवागढ़ ने जनक महल के प्रस्तावित भव्य प्रारूप के पोस्टर का सभी अतिथियों के कर कमलों द्वारा विमोचन कराया। उपस्थित लोगों ने प्रारूप देखकर जनक महल की भव्यता और स्थापत्य कला की सराहना की। अजय गर्ग अवागढ़ ने कहा कि धार्मिक स्वरूपों की प्रतिष्ठा, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, फव्वारे और भव्य सजावट मिलकर श्रद्धालुओं के सामने ऐसा दृश्य प्रस्तुत करेंगे, जो लंबे समय तक स्मरणीय रहेगा।

भूमि पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं और अतिथियों के लिए भव्य प्रसादी का आयोजन किया गया। वैदिक पूजन और हवन के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर राजा जनक के परिवार से शोभित गोयल, स्मृति गोयल, मोहित गोयल, रिनी गोयल, अनुप्रिया, कमल नयन और सुनीता मित्तल मौजूद रहे।

राजा दशरथ के स्वरूप के परिवार से कृष्ण बिहारी गर्ग, आयुषी गर्ग, रजत सिंघल और निमिषा सिंघल अशोक कुमार गुप्ता, संजय गोयल, मुख्य संयोजक मनोज बंसल, मुख्य संरक्षक संतोष कटारा, धर्मेश जैन, महामंत्री रितेश लवानिया, मनोज जादौन, राणा सुशील सिंह और कोषाध्यक्ष आकाश गोयल उपस्थित रहे।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादक: धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# औकात की अदालत और सौगात का लोकतंत्र

आजादी के सात दशकों बाद भी देश का आम नागरिक आज एक बुनियादी सवाल के सामने खड़ा है–हम अपनी औकात देखें या व्यवस्था की सौगात? यह सवाल किसी एक गांव की चौपाल का नहीं, बल्कि देश की राजधानी में खड़ी सर्वोच्च न्यायिक इमारत तक फैले तंत्र का है। जब गांव का गरीब लाल अपनी फरियाद लेकर थाने पहुंचता है, तो अमीर सिंह के रसूख के आगे लोकतंत्र की नींव हिलती हुई साफ दिखती है। दरोगा के दफ्तर से लेकर अदालत की दहलीज तक का सफर आम आदमी के लिए सुलभ नहीं, बल्कि एक अंतहीन प्रताड़ना का रास्ता बन चुका है।ऊपर बैठी व्यवस्था बड़ी सहजता से कह देती है कि पुलिस न सुने तो जज के पास जाओ। जैसे जज साहब केवल गरीब लाल की ही प्रतीक्षा में बैठे हों। इन दोनों ही सीमाओं (पुलिस और अदालत) के बीच भटकने वाला नागरिक यह सोचने पर मजबूर है कि क्या वाकई इस देश की मौलिकता सुरक्षित है? जमीनी हकीकत यह है कि ये दोनों ही संस्थाएं आज भी आम जनमानस की पहुंच से कोसों दूर हैं। सुधारों की बातें तो बहुत होती हैं, लेकिन यह सुधार नीचे की ओर जाने की बजाय फाइलों में ही दम तोड़ देता है। हालत यह है कि ऊंचे ओहदों पर बैठे लोग अपने बगल में बैठे पेशाकार तक की असलियत और भ्रष्टाचार से वाकिफ होने के बाद भी अनजान बने रहते हैं। वे अपनी नाक के नीचे बहती गंदगी को भी 'एहसासी प्रमाण' मानने से इनकार कर देते हैं।इस व्यवस्था का सबसे क्रूर चेहरा तब सामने आता है, जब कोई जागरूक नागरिक सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जों के खिलाफ आवाज उठाता है। किसी भव्य प्रशासनिक इमारत में जब वह अपनी शिकायत लेकर जाता है, तो उसे यह अहसास कराया जाता है कि किसी भी अवैध व्यवस्था में रोड़ा अटकाने का हक उसे नहीं है। तंत्र उसे वहीं वापस लौटा देता है जहां से वह आया था। विडंबना देखिए, जब पीड़ित अदालत का रुख करता है, तो पता चलता है कि वहां कोट वाले (वकील) नई बेंच की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। सुनवाई की उम्मीद में गए नागरिक की एक नहीं सुनी जाती, बल्कि उल्टे भू–माफिया पुलिस के साथ मिलकर पीड़ित को ही धारा 156(3) के फर्जी मामले में फंसाकर जेल की यात्रा करा देते हैं।नैतिकता और न्याय का दोहरा मापदंड इस कदर हावी है कि एक तरफ न्याय के लिए गुहार लगाते गरीब को जेल मिलती है, तो दूसरी तरफ भव्य इमारतों से ऐसे फैसले आते हैं जो वेश्यालय में ग्राहक बनकर जाने को भी गलत नहीं ठहराते। यह विरोधाभास आज की समूची व्यवस्था पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगाता है। जब रक्षक ही भक्षक बन जाएं और न्याय की उम्मीदें भू–माफियाओं के पैसों के आगे घुटने टेक दें, तो आम आदमी का विश्वास टूटना स्वाभाविक है। आज देश की इस जर्जर व्यवस्था की समीक्षा कौन करेगा? यह सवाल हवा में तैर रहा है और न्याय की आस में भटकते आम लोग किसी कीट–पतंगों की तरह तंत्र की इस चकाचौंध वाली आग में झुलसने को मजबूर हैं। अब समय आ गया है कि न्याय के इन मंदिरों और थानों की जवाबदेही तय हो, ताकि गरीब लाल को अपनी 'औकात' नहीं, बल्कि अपना 'अधिकार' दिखाई दे।

# पश्चिमी यूपी की राजनीति में नया उबाल

जयंत चौधरी का रालोद इस गणित में छोटी पार्टी जरूर है, लेकिन पश्चिमी यूपी में उसका प्रभाव उसके चुनावी आंकड़ों से कहीं ज्यादा राजनीतिक वजन रखता है। जाट समुदाय में चौधरी चरण सिंह की विरासत और रालोद की पकड़ अब भी गठबंधन राजनीति के लिए अहम है। भाजपा के साथ जयंत की मौजूदगी एनडीए को पश्चिमी यूपी में जाट समर्थन को साधने का अतिरिक्त आधार देती है। यही कारण है कि अखिलेश का ह्लचवन्नीह्व वाला तंज महज पुरानी दोस्ती का हिसाब नहीं, बल्कि नए सामाजिक समीकरणों की जंग भी माना जा रहा है।

दिलचस्प यह है कि अखिलेश ने हाल में अपने नेताओं–कार्यकताओं को चुनावी समय में सोच–समझकर बयान देने की नसीहत दी थी, ताकि भाजपा को कोई राजनीतिक लाभ न मिले। इसके तुरंत बाद जयंत पर निशाना साधना बताता है कि सियासी प्राथमिकताएं कभी–कभी रणनीतिक संयम पर भारी पड़ जाती हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का नाम लिए बिना ऐसा तंज कसा है जिसकी गूंज सीधे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सियासी मैदान तक पहुंच गई। अखिलेश ने कहा, ह्लकहां–कहां से आ गए थे, चवन्नी का रुपया बना दिया, फिर भीङ्गह्व। दरअसल अखिलेश ने अपने इस बयान के जरिये पुराने साथी को राजनीति में आगे बढ़ाने का दावा किया और फिर साथी द्वारा उन्हें छोड़ देने पर अपनी शिकायत दर्ज कराई लेकिन इस दौरान उनके जो तेवर रहे उसने पश्चिमी यूपी की सियासत को गर्मा दिया है। रालोद कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आये हैं और अखिलेश यादव के पुतले फूंक रहे हैं। दरअसल, यह सिर्फ दो नेताओं की निजी राजनीतिक नोकझोंक नहीं है। इसके पीछे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बदलते जातीय और गठबंधन समीकरण की पूरी पटकथा पढ़ी जा सकती है। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा और रालोद ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। इस गठबंधन में जाट–मुस्लिम समीकरण को साधने की कोशिश साफ दिखाई दी थी। अखिलेश यादव ने जयंत चौधरी को राज्यसभा भेजने में भी भूमिका निभाई। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पूर्व प्रधानमंत्री और जयंत के दादा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के बाद रालोद ने एनडीए का दामन थाम लिया। अब जयंत भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन का हिस्सा हैं और केंद्र सरकार में राज्यमंत्री हैं।

यही बदलाव अखिलेश के मौजूदा हमले को राजनीतिक धार देता है। सपा प्रमुख लगातार पीडीए यानि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक के सामाजिक समीकरण को मजबूत करने की कोशिश में हैं। पश्चिमी यूपी में उनकी चुनौती इसलिए भी बड़ी है क्योंकि यहां सपा का पारंपरिक मुस्लिम–यादव आधार पूर्वांचल या मध्य यूपी की तरह निर्णायक नहीं रहा है। ऐसे में गुर्जर, दलित, अन्य पिछड़ी जातियों और गैर–जाट मतदाताओं को जोड़ना सपा की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है।

–अनाम

# 5 साल के राज में कितना बदला अफगान

नीरज कुमार दुबे



भले ही दुनिया ने तालिबान को औपचारिक मान्यता देने से अब तक परहेज किया हो, लेकिन पांच साल में इस संगठन ने एक बात साबित कर दी है कि सत्ता पर कब्जे के बाद राजनय की ताकत को हथियार की तरह इस्तेमाल करना उसे आता है। 15 अगस्त 2021 को अमेरिकी नेतृत्व वाली नाटो सेनाओं की वापसी के बाद काबुल पर कब्जा करने वाला तालिबान आज उस मुकाम पर है जहां कई देश उसे पसंद नहीं करने के बावजूद उससे बात कर रहे हैं, उसके साथ सौदे कर रहे हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा से लेकर व्यापार तक के सवालों पर उसे नजरअंदाज नहीं कर सकते।

देखा जाये तो तालिबान का पांच साल का राज हालात में कोई अहम बदलाव नहीं कर पाया है। आम अफगान की जिंदगी आर्थिक, सामाजिक और मानवीय संकटों से अब भी घिरी है। करीब आधी आबादी गरीबी में है, बेरोजगारी दर बहुत ज्यादा है, निवेश नहीं है और महिलाओं को कामकाज से लगभग बाहर कर दिया गया है। हां, कर संग्रह में सुधार हुआ है, भ्रष्टाचार में कुछ कमी आई है और देश के बड़े हिस्से में हिंसा पहले की तुलना में कम हुई है। लेकिन बदले में मनमानी गिरफ्तारियां, जबरन गुमशुदगियां और प्रतिशोधात्मक कार्रवाई जैसी शिकायतें बनी हुई हैं।

तालिबान ने आर्थिक मोर्चे पर खनन और सीमा-पार बुनियादी ढांचे पर जोर बढ़ाया है। चीन और दूसरे पड़ोसी देशों की कंपनियां अफगानिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों में संभावनाएं तलाश रही हैं। मध्य एशिया के ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान और कजाखस्तान जैसे देश भी काबुल के साथ व्यापारिक गलियारों को लेकर सक्रिय हैं, क्योंकि समुद्र तक पहुंच बनाने के लिए अफगानिस्तान एक अहम भौगोलिक कड़ी बन सकता है। यही तालिबान की असली कूटनीतिक चाल है। यानि वह विचारधारा की बजाय भूगोल को बेच रहा है। वह कह रहा है कि उसे पसंद करें या न करें, लेकिन अफगानिस्तान की जमीन, खनिज, व्यापार मार्ग और सुरक्षा समीकरण से दुनिया बच नहीं सकती।

### बिना मान्यता के भी दुनिया से रिश्ते

रूस फिलहाल तालिबान सरकार को औपचारिक मान्यता देने वाला अकेला देश है, लेकिन व्यवहार में तस्वीर इससे कहीं बड़ी है। चीन, जापान, तुर्किये, सऊदी अरब और ब्रिटेन समेत अनेक देशों के प्रतिनिधि काबुल पहुंच रहे हैं। यूरोपीय संघ के साथ असफल अफगान शरणार्थियों की वापसी पर बातचीत हो रही है और जर्मनी ने तालिबान की वापसी के बाद पहली बार ऐसे अफगान नागरिक को निर्वासित किया जिसे किसी अपराध में दोषी नहीं ठहराया गया था। साथ ही तालिबान ने समय को अपना सबसे बड़ा हथियार बना लिया है। पांच साल गुजर चुके हैं। दुनिया को धीरे-धीरे यह कठोर वास्तविकता स्वीकार करनी पड़ रही है कि अफगानिस्तान पर वास्तविक नियंत्रण तालिबान का है। संयुक्त राष्ट्र से जुड़े विशेषज्ञों के मुताबिक, क्षेत्रीय देशों में यह सोच मजबूत हुई है कि यह ऐसी वास्तविकता है जिससे निपटना 'अनिवार्य' है, चाहे उसे पसंद किया जाए या नहीं।

### पाकिस्तान को तालिबान ने दिखाया आईना

भारत के लिए सबसे बड़ा रणनीतिक बदलाव तालिबान और पाकिस्तान के रिश्तों में आई दरार है। जिस पाकिस्तान को कभी तालिबान का संरक्षक और रणनीतिक साझेदार माना जाता था, वही आज काबुल के साथ खुले टकराव में है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच संघर्ष इतना बढ़ा कि चीन, कतर, सऊदी अरब, ओमान, ईरान, तुर्किये, उज्बेकिस्तान और मलेशिया तक को हस्तक्षेप करना पड़ा। सैकड़ों नागरिकों की मौत के बाद चीन ने बातचीत की मेजबानी की। यहीं पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा झटका है। तालिबान ने यह दिखा दिया कि काबुल की सत्ता अब इस्लामाबाद की जेब में नहीं है। बल्कि अफगान संप्रभुता और सीमा विवाद पर वह पाकिस्तान से भिड़ने को तैयार है। भारत के लिए यह किसी रणनीतिक बोनस से कम नहीं। पिछले वर्ष भारत और तालिबान के संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर को भारत में स्थित केंद्रशासित प्रदेश के रूप में संदर्भित किया गया और पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की गई। पाकिस्तान के लिए इससे अधिक कड़वा कूटनीतिक संदेश शायद ही कुछ हो सकता था।

### भारत की चाल: मान्यता नहीं, मगर दूरी भी नहीं

भारत ने अफगानिस्तान में अपने ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंधों को कभी पूरी तरह टूटने नहीं दिया। 34 में से सभी प्रांतों में 500 से अधिक विकास परियोजनाओं के जरिए बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में उसकी मौजूदगी रही है। पिछले वर्ष काबुल में भारतीय दूतावास बहाल हुआ और तालिबान के राजनयिकों को नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में काम करने की अनुमति मिली। विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी की भारत यात्रा ने इस रिश्ते को और गति दी।

जून में भारत ने संयुक्त राष्ट्र में यह संकेत भी दिया कि मौजूदा तालिबान प्रतिबंध व्यवस्था पर पुनर्विचार की जरूरत है। भारत के संयुक्त राष्ट्र प्रतिनिधि हरीश पार्वतनैनी ने कहा कि पांच वर्षों में अफगानिस्तान की राजनीतिक वास्तविकता बदल चुकी है और प्रतिबंध व्यवस्था को इस बदलाव को ध्यान में रखना चाहिए।

### लेकिन तालिबान की सबसे बड़ी कीमत अफगान महिलाएं चुका रही हैं

इस पूरी कूटनीतिक सफलता के बीच तालिबान शासन का सबसे भयावह चेहरा महिलाओं और लड़कियों की जिंदगी में दिखाई देता है। पांच साल में 160 से अधिक आदेश महिलाओं और लड़कियों की शिक्षा, रोजगार, आवाजाही, पहनावे, बोलने और निर्णय लेने के अधिकारों पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। माध्यमिक और उच्च शिक्षा से लड़कियों का बाहर किया जाना अफगानिस्तान के भविष्य पर सीधे हमला है। संयुक्त राष्ट्र की महिला एजेंसी के अनुसार आधुनिक दौर में किसी अन्य देश ने कानून, नीति और व्यवहार के जरिए आधी आबादी के अधिकारों को इस पैमाने पर खत्म नहीं किया। महिलाओं को संयुक्त राष्ट्र परिसर समेत कई जगहों से बाहर रखा गया है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा और मुख्य न्यायाधीश अब्दुल हकीम हक्कानी के खिलाफ महिलाओं और लड़कियों के उत्पीड़न को मानवता के खिलाफ अपराध बताते हुए गिरफ्तारी वारंट भी जारी किए हैं। यही तालिबान की सबसे बड़ी विडंबना है कि बाहर की दुनिया से वह बातचीत के दरवाजे खोल रहा है, जबकि अपने ही देश की आधी आबादी के लिए दरवाजे बंद कर रहा है।

### रणनीतिक संदेश साफ है

भारत के लिए तालिबान के पांच साल का अर्थ न तो भावनात्मक दोस्ती है और न ही वैचारिक समर्थन। यह कठोर रणनीतिक यथार्थवाद है। भारत को अफगानिस्तान में अपनी सुरक्षा, पाकिस्तान की गतिविधियों, आतंकवाद, मध्य एशिया तक पहुंच, मानवीय सहायता और क्षेत्रीय संपर्क परियोजनाओं के लिए काबुल से संवाद बनाए रखना होगा।

उधर, तालिबान ने पांच साल में दुनिया को यह दिखाया है कि बिना औपचारिक मान्यता के भी सत्ता प्रभाव पैदा कर सकती है। उसने पाकिस्तान को चुनौती दी, पड़ोसी देशों को अपने साथ बैठाया, यूरोप को वापसी के मुद्दे पर बातचीत के लिए मजबूर किया और भारत जैसे देश को भी व्यावहारिक जुड़ाव बढ़ाने की दिशा में सोचने के लिए प्रेरित किया। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि तालिबान जीत गया है। असली परीक्षा अभी बाकी है। जब तक अफगान लड़कियों के स्कूल नहीं खुलते, महिलाओं को काम और सार्वजनिक जीवन में अधिकार नहीं मिलता और शासन में मनमानी तथा दमन कम नहीं होता, तब तक तालिबान की कूटनीतिक सफलता उसके शासन की नैतिक विफलता को ढक नहीं सकती।

## अतिथि कब जाओगे?

# तिब्बतियों का सवाल: लौटेंगे कभी या बनेंगे परमानेंट गेस्ट?

बृज खंडेलवाल द्वारा

पिछले कुछ दिनों में तिब्बती प्रतिनिधिमंडलों ने कर्नाटक के नेताओं से मुलाकात की है। बेंगलुरु में नवनिर्वाचित तिब्बती सांसद चोप्पेल ने मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार से मुलाकात कर शिक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण और संस्कृति के संरक्षण के लिए सरकारी सहायता मांगी। उन्होंने कर्नाटक में बसे तिब्बतियों की समस्याओं पर भी ध्यान देने की अपील की।

मैसूर में गुरुपुरा बस्ती के प्रतिनिधियों ने सांसद यदुवीर वाडियार से मुलाकात की। उन्होंने संसद और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर तिब्बत का मुद्दा उठाने की मांग की। प्रतिनिधियों ने 2 जुलाई को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के बाहर तिब्बती कार्यकर्ता लोबगा रंगजेन के आत्मदाह का भी उल्लेख किया।

इन मुलाकातों में राजनीति थी, मगर केवल राजनीति नहीं थी। इनके पीछे रोजमर्रा की जिंदगी की फिक्र भी थी; बच्चों की पढ़ाई, इलाज, रोजगार और अपनी संस्कृति को बचाए रखने की चिंता।

यही चिंता आज तिब्बती समुदाय के सामने सबसे बड़ा सवाल बनकर खड़ी है।

मैसूर की गलियों में जब तिब्बती भिक्षु लाल चोगे में चलते हैं, तो लगता है जैसे हिमालय की कोई ठंडी हवा दक्षिण तक चली आई हो। बाइलकुप्पे के मठों में घंटियां बजती हैं, बच्चे तिब्बती भाषा सीखते हैं और दुकानों में हिमालयी संस्कृति की खुशबू मिलती है। मगर इस शांत तस्वीर के पीछे एक पुराना सवाल आज भी बेचैन है; क्या तिब्बती कभी अपने वतन लौट पाएंगे, या भारत ही उनका स्थायी घर बन जाएगा?

छह दशक से ज्यादा गुजर चुके हैं। 1959 में दलाई लामा के तिब्बत से निकलकर भारत आने के बाद हजारों तिब्बती शरणार्थियों ने यहां नई जिंदगी शुरू की। करीब 80 हजार लोग उस दौर में भारत पहुंचे थे। उनके पीछे छूट गए थे घर, खेत, रिश्तेदार और एक पूरी दुनिया।

भारत ने उनके लिए दरवाजे खोले। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने जमीन उपलब्ध कराई। बस्तियां बनीं, स्कूल खुले और मठों का पुनर्निर्माण हुआ। धर्मशाला धीरे-धीरे तिब्बती निर्वासित समुदाय का राजनीतिक और आध्यात्मिक केंद्र बन गया। कर्नाटक की बाइलकुप्पे और मुंडगोड बस्तियां इस सफर की अहम मिसाल हैं। मैसूर के पास गुरुपुरा भी इसी कहानी का हिस्सा है। कभी जंगल और कठिन जमीन के बीच शुरू हुई ये बस्तियां आज खेतों, स्कूलों, मठों, छोटे कारोबार और रेस्तरां से गुलजार हैं।

निर्वासित तिब्बती प्रशासन धर्मशाला से काम करता है। उसके पास निर्वाचित नेतृत्व और संसद जैसी संस्थाएं हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक मामलों के लिए भी व्यवस्थाएं हैं। लेकिन यह व्यवस्था एक ऐसे भविष्य के लिए बनी थी, जिसमें कभी न कभी तिब्बत लौटने की उम्मीद थी। वक्त ने उस उम्मीद की परीक्षा लंबी कर दी है।

आज भारत में तिब्बतियों की संख्या लगभग 70 से 85 हजार के बीच मानी जाती है। नई पीढ़ी का जन्म भारत में हुआ है। उनके लिए भारत केवल शरण की जगह नहीं, बल्कि बचपन, स्कूल, दोस्ती और रोजी-रोटी की जमीन है।

कई युवा भारतीय विश्वविद्यालयों में पढ़ते हैं। वे हिंदी, कन्नड़ और अंग्रेजी बोलते हैं। नौकरी के लिए अमेरिका, कनाडा, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया भी जाते हैं। दूसरी ओर, तिब्बत से भारत आने का सिलसिला लगभग बंद हो चुका है। सीमा पर कड़ी निगरानी और नियंत्रण ने पलायन को बेहद मुश्किल बना दिया है।

पहली पीढ़ी ने जंगल साफ किए, खेती की और कठिन परिस्थितियों में जिंदगी खड़ी की। दूसरी पीढ़ी ने स्कूल और कारोबार संभाले। तीसरी पीढ़ी अब दुनिया के दूसरे हिस्सों में अपने सपने तलाश रही है। यहीं से एक अजीब-सा विरोधाभास पैदा होता है। जिस भारत ने उन्हें शरण दी, वही अब उनकी जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। फिर भी तिब्बत उनकी पहचान के केंद्र में है।

चीन तिब्बत को अपना अभिन्न हिस्सा मानता है और राजनीतिक नियंत्रण को मजबूत करता रहा है। तिब्बती समुदाय का आरोप है कि उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान पर दबाव बढ़ा है। इसी वजह से बड़े पैमाने पर वापसी का रास्ता आज भी नजर नहीं आता।

कुछ तिब्बती चीन लौटे हैं। कुछ रिश्तेदारों से मिलने गए हैं। लेकिन सामूहिक वापसी कभी नहीं हुई। तो क्या छह दशक का निर्वासन अब स्थायी बसावट में बदल रहा है?

शायद जवाब सीधा नहीं है। एक बुजुर्ग तिब्बती के लिए तिब्बत स्मृतियों का वतन है। उसके पोते के लिए भारत रोजमर्रा की जिंदगी है। एक के दिल में बर्फीले पहाड़ हैं, दूसरे के मन में कर्नाटक की लाल मिट्टी। यही तिब्बती निर्वासन की सबसे बड़ी त्रासदी भी है और सबसे बड़ा सच भी। वतन की याद बची हुई है। संस्कृति भी बची हुई है। उम्मीद भी जिंदा है। मगर पीढ़ियां गुजर रही हैं। शायद इतिहास का सबसे कठिन सवाल यही है; क्या शरण स्थली कभी घर बन सकती है?

तिब्बतियों के लिए इसका जवाब अभी भी अधूरा है। लौटने का ख्वाब बाकी है, लेकिन जिंदगी भारत में आगे बढ़ रही है।

वक्त की रफ्तार कहती है कि अस्थायी पनाह धीरे-धीरे स्थायी घर का रूप ले सकती है। मगर दिल शायद अब भी हिमालय की तरफ देखता है।

और यही इंतजार इस कहानी को आज भी जिंदा रखे हुए है।

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 22 अगस्त 2026 शनिवार

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज वृष मिथुन सिंह कन्या तुला और कुंभ राशि के जातकों का मानसिक मनोबल और भाग्य का संबल अत्यंत उत्तम रहेगा। शनिवार का दिन न्याय के देवता शनिदेव तथा भगवान हनुमान जी की कृपा प्राप्ति के लिए अत्यंत शुभ और फलदायी माना जाता है। आज के दिन शनिदेव को सरसों का तेल समर्पित करने तथा सुंदरकांड का पाठ करने से जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं और सर्वत्र सफलता प्राप्त होती है।

### मेष

आज आपको अपने कार्यक्षेत्र में अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है परंतु धैर्य बनाए रखने से सफलता अवश्य मिलेगी। आर्थिक मामलों में समझदारी से निर्णय लें और फिजूलखर्ची से बचें। शनिदेव के मंदिर में नीले पुष्प अर्पित करें जिससे आपकी सभी समस्याएं समाप्त होंगी।

### वृष

आज आपके व्यावसायिक क्षेत्र में विस्तार होगा और नए संपर्क से भविष्य में बड़ा आर्थिक लाभ होगा। पारिवारिक जीवन में सुख शांति रहेगी और परिजनों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। पीपल के वृक्ष के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाएं जिससे आपकी तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

### मिथुन

आज आपके रुके हुए सभी महत्वपूर्ण कार्य तेजी से पूर्ण होंगे और मन में अपार उत्साह बना रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों का सहयोग मिलेगा जिससे पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी। हनुमान जी को बूंदी का भोग लगाएं जिससे आपका पराक्रम और प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### कर्क

आज यात्रा करते समय विशेष सावधानी बरतें और स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। व्यापारिक निर्णय सोच समझकर लें और किसी पर अत्यधिक भरोसा करने से बचें। बहते जल में काले तिल प्रवाहित करें जिससे आपकी मानसिक चिंता दूर होगी।




### सिंह

आज आपको व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा और आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत होगी। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर रहेंगे और कहीं बाहर घूमने की योजना बन सकती है। सुंदरकांड का पाठ करें जिससे आपके यश और कीर्ति में वृद्धि होगी।

### कन्या

आज प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को कोई शुभ समाचार मिल सकता है। नौकरी में नए अवसर प्राप्त होंगे जिससे मन प्रसन्न रहेगा। निर्धन व्यक्तियों को भोजन कराएं जिससे आपके कार्य में आ रही रुकावटें समाप्त होंगी।

### तुला

आज कला और संगीत से जुड़े जातकों के लिए समय बहुत अनुकूल रहेगा और उनकी प्रतिभा को सम्मान मिलेगा। अचानक धन लाभ होने के प्रबल योग बन रहे हैं। शनि चालीसा का पाठ करें जिससे आपके जीवन में सुख समृद्धि का वास होगा।

### वृश्चिक

आज पारिवारिक संपत्ति से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी और घर का माहौल आनंदमय रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके सुझावों की सराहना होगी। हनुमान जी के सम्मुख चमेली के तेल का दीपक जलाएं जिससे आपके कष्ट दूर होंगे।

### धनु

आज आपका झुकाव आध्यात्मिक कार्यों की ओर अधिक रहेगा और धार्मिक यात्रा के योग बनेंगे। व्यापार में साझेदारी से बड़ा लाभ संभव है। मस्तक पर चंदन का तिलक लगाएं जिससे आपकी बौद्धिक क्षमता में सुधार होगा।

### मकर

आज आपकी राशि के स्वामी शनिदेव की विशेष कृपा से रुका हुआ धन वापस मिलेगा। करियर में नए आयाम स्थापित होंगे और समाज में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पक्षियों को दाना डालें जिससे आपकी प्रगति के द्वार खुलेंगे।

### कुंभ

आज नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अत्यंत शुभ रहेगा और आप अपनी योजनाओं में सफल होंगे। भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। चींटियों को आटा डालें जिससे आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

### मीन

आज व्यर्थ के विवादों से दूर रहने का प्रयास करें और अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं। शाम के समय किसी पुराने मित्र से मुलाकात मन को प्रसन्न करेगी। काले कुत्ते को रोटी खिलाएं जिससे आपके सभी काम सुगमता से पूरे होंगे।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

शनिवार के दिन भवन के पश्चिम कोण को स्वच्छ रखकर वहां शाम के समय सरसों के तेल का दीपक प्रज्वलित करने से घर की समस्त नकारात्मक ऊर्जा नष्ट होती है तथा शनिदेव की कृपा से अखंड समृद्धि और सुरक्षा कवच प्राप्त होता है।

# ग्रामीण सफाईकर्मियों ने डीएम को दिया ज्ञापन



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

■ डीएम व डीपीआरओ को पीएम सीएम के नाम ज्ञापन देकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की

उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने गुरुवार को पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। दोपहर करीब 2 बजे कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर नारेबाजी करते हुए और राजीव भवन से डीएम कार्यालय तक तिरंगा रैली निकाली। रैली के प्रारंभ से पूर्व कर्मचारियों ने डीपीआरओ धनंजय जायसवाल को ज्ञापन देने के बाद डीएम को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश ने बताया कि वर्तमान में सरकारी कर्मचारियों को नवीन पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत रखा गया है। उन्होंने एनपीएस में कई खामियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि एनपीएस में निश्चित पेंशन का प्रावधान नहीं है। यह बाजार आधारित योजना है। इससे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली पेंशन को लेकर अनिश्चितता और असुरक्षा महसूस होती है। कर्मचारियों का मानना है कि पुरानी पेंशन योजना ही उनके बुढ़ापे का एकमात्र प्रमुख सहारा है। ज्ञापन में संघ के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री से कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन योजना को तत्काल बहाल करने की मांग की। इस प्रदर्शन में जिला महामंत्री जगत चौधरी, ब्लाक अध्यक्ष बलजीत सिंह मथुरा, रामकुमार गोवर्धन, मुकेश कुमार चौमुहां, सतीश कुमार नंदगांव, धर्मेन्द्र कुमार नौहझील, लोकेश कुमार मांट, वीरपाल बलदेव, तोताराम छाता, महेश फरह, कृष्णवीर राया के अलावा सैकड़ों संघ के कई पदाधिकारी और सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# बिजली की लाइन टूटी, किशोर और युवक की मौत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



बिजली विभाग की घोर लापरवाही ने दो परिवारों की खुशियां पल भर में उजाड़ दीं। सुरीर कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला औहावा के समीप खेत में गिरे 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के टूटे तार की चपेट में आने से एक 15 वर्षीय किशोर और उसे बचाने पहुंचे 20 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पोस्टमार्टम गृह पर पहुंचे मांट विधायक राजेश चौधरी ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि लापरवाह विघुत कर्मियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जायेगा। उन्होंने उच्च विधुत अधिकारियों से वार्ता करते हुए पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की बात कही है।

घटना बृहस्पतिवार सुबह की है। नगला औहावा निवासी रामकिशन बघेल का 15 वर्षीय बेटा विवेक अपने पिता के लिए खेत पर चाय लेकर जा रहा था। रास्ते में खेत में टूटे पड़े 11 हजार वोल्ट के चालू तार पर विवेक का पैर पड़ गया। करंट लगते ही विवेक की चीख निकल गई। आवाज सुनकर पास के खेत में चारा लेने आए बैकुंठपुर निवासी गुलाब (20) विवेक को बचाने दौड़े। बदकिस्मती से विवेक को खींचने के प्रयास में गुलाब का पैर भी उसी तार पर आ गया और दोनों हाईटेंशन करंट की चपेट में आ गए।

इस हृदयविदारक हादसे में विवेक और गुलाब दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। विवेक अपने माता-पिता की इकलौती संतान था, गुलाब भी अपने परिवार का मुख्य आर्थिक सहारा था। इस घटना से नगला औहावा और बैकुंठपुर गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अरुण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर रखरखाव न करने और जर्जर तारों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# विप्रों ने मनाई गोस्वामी तुलसीदास जयंती

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, वृंदावन।



अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा दुसायत क्षेत्र स्थित ठाकुर राधा स्नेहबिहारी मंदिर में गोस्वामी तुलसीदास जयंती के अवसर पर तुलसी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ब्रज प्रदेश अध्यक्ष पं बिहारी लाल वशिष्ठ ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास प्रकांड विद्वान थे। उन्होंने रामचरितमानस जैसे महाकाव्य की रचना कर मानव जाति को अमूल्य उपहार प्रदान किया। महामंत्री पं राजेश पाठक ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस के द्वारा भगवान राम को जन-जन में स्थापित किया। पं कपिल आनंद चतुर्वेदी ने कहा कि मुगल काल की विषम परिस्थितियों में गोस्वामी तुलसीदास ने सनातन ध्वजा को झुकने नहीं दिया। पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के श्रीहरि सुरेशचार्य ने कहा कि ब्राह्मणों ने सदैव परोपकार में अपना जीवन व्यतीत किया आज के समय में ब्राह्मणों पर कुठाराघात हो रहा है।

इससे पूर्व पदाधिकारियों द्वारा गोस्वामी तुलसीदास के चित्रपट और रामचरित मानस ग्रंथ का वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर गोविंद प्रसाद शर्मा, अजय शर्मा, महामंडलेश्वर डॉ आदित्यानंद, जगदीश गोस्वामी, महंत बाबा रामदास, आचार्य अनिल शास्त्री, बालकिशन शर्मा बालो पंडित, राजेश शास्त्री, पुंडरीक कृष्ण शास्त्री, राज नारायण गौड़, आचार्य गोपाल शास्त्री, राजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# हावर्ड यूनीवर्सिटी में देवकीनंदन महाराज ने लगाई आध्यात्म की पाठशाला

## संवाद कार्यक्रम में छात्रों और श्रोताओं को बताए आध्यात्म के गुण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, वृंदावन।



■ आध्यात्मिक ज्ञान, नैतिक मूल्य और जीवन के उद्देश्य से जुड़ी शंकाओं का समाधान बताया

विश्व भर में प्रसिद्ध यूएसए की हावर्ड यूनीवर्सिटी में सनातन धर्म और आध्यात्म का आधुनिक जीवन में प्रयोग एवं उपयोगिता पर चर्चा की गयी। वृन्दावन के प्रसिद्ध धर्मगुरू-कथावाचक देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज ने बोस्टन की हावर्ड यूनीवर्सिटी में ह्यसनातन धर्म और आधुनिक जीवनह्य पर विशेष संवाद कार्यक्रम में सम्बोधन दिया। कार्यक्रम में हावर्ड यूनिवर्सिटी कम्युनिटी के साथ अलग-अलग सांस्कृतिक और व्यक्तिगत बैकग्राउंड वाले छात्र, पोस्टडॉक्टरल रिसर्चर, फैकल्टी आदि शामिल हुए।

हावर्ड मेडिकल स्कूल के वैज्ञानिक डॉ. अर्जुनवीर शर्मा ने ह्यज्ञान, मूल्य और जीवनह्य विषय पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को होस्ट किया। कार्यक्रम में श्रोताओं ने प्रश्न रखे कि सफलता पाने की कोशिश करते हुए हम अपने मूल्यों से कैसे जुड़े रह सकते हैं? दबाव, महत्वाकांक्षा और अनिश्चितता के बीच हम संतुलन कैसे बनाएं? और ज्ञान और समझ हमें न केवल सफल प्रोफेशनल, बल्कि बेहतर इंसान बनने में कैसे मदद कर सकते हैं?

देवकीनंदन महाराज ने सभी प्रश्नों पर आध्यात्मिक दृष्टि से विचार रखते हुये समाधान प्रस्तुत किया। उन्होने आध्यात्म और भारतीय सांस्कृतिक व दार्शनिक ज्ञान पर आधारित विचार साझा किए। उन्होंने इन विचारों को व्यक्तिगत विकास, प्रोफेशनल जिम्मेदारियों और रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े आज के सवालों से जोड़ा।

देवकीनंदन महाराज के साथ गये विश्व शांति सेवा चैरीटेबल ट्रस्ट, सचिव विजय शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम को पारंपरिक लेक्चर के बजाय एक खुली और इंटरैक्टिव बातचीत के तौर पर आयोजित किया गया था। चर्चा में मूल्यों, मकसद, भलाई, रिश्तों, आंतरिक संतुलन और आधुनिक जीवन की चुनौतियों का सामना करने जैसे विषयों पर बात हुई।

श्रोताओं को सम्बोधित करते हुये देवकीनंदन महाराज ने कहा कि सनातन धर्म में प्रत्येक प्रश्न का समाधान है। आध्यात्म ही व्यक्ति को अन्तः करण से शक्तिषाली कर-के एक बेहतर नागरिक बनाता है। आधुनिक युग में धमार्नुसार आचरण करके जीवन को शांतिपूर्ण और उद्देष्य पूर्ण बनाया जा सकता है।

वृन्दावन से देवकीनंदन महाराज इस समय सनातन धर्म प्रचार के लिये दो माह के लिये यूएसए यात्रा पर हैं। इस दौरान वे बोस्टन, कैलीफार्निया, न्यू जर्सी, कनाडा, ब्रहम्टन, एडमंटन आदि स्थानों पर सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति पर प्रवचन करेंगे।

### लाल घटा में विराजमान होकर राजाधिराज ने दिए अपने भक्तों को दर्शन

मथुरा। पुष्टिमार्ग संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी (एडवोकेट) ने बताया कि मंदिर के सभी कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉ. वागीश कुमार महाराज (कांकरोली नरेश, तृतीय पीठ) के द्वारा किया जाता है। उसी परंपरा के तहत आज ठाकुर जी महाराज लाल घटा में विराजमान हुए जिसमे सम्पूर्ण मंदिर प्रांगण को लाल कपड़े और अनेकों प्रकार की लाइट फूलों से सजाया गया। पुष्टिमार्गीय परंपरा में ठाकुर जी को लाड़-लड़ाने के तहत घटा और हिंडोला में विराजमान कराया जाता है। तिवारीजी ने बताया घटा से तात्पर्य है ठाकुर जी को बाहर के मौसम की अनुभूति करवाना। यह क्रम पूरे सावन मास जारी रहेगा। आज शुक्रवार सांयकाल 5:10 से 5:40 बजे ठाकुरजी महाराज कमल के हिंडोले में विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन देंगे।

# संस्कारों की डोर से कटने से बढ़ रहा है युवाओं में नशाः डॉ. अर्चना प्रिय आर्य

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

■ बरामई खेड़ा में आयोजित किया गया तीन दिवसीय श्रीराम कथा व देवयज्ञ

बलदेव क्षेत्र के समीपवर्ती गाँव बरामई खेड़ा में आयोजित तीन दिवसीय वैदिक रामकथा एवं देवयज्ञ का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। समापन सत्र को संबोधित करते हुए संस्कार जागृति मिशन की अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अर्चना प्रिय आर्य ने समाज और युवाओं की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज का युवा तेजी से नशे की गिरफ्त में जा रहा है, जो पूरे समाज के लिए अत्यंत चिंताजनक विषय है। हमने आज अपने बच्चों को संस्कारों रूपी डोर से काट दिया है, जिसके परिणामस्वरूप समाज से चारित्रिक पतन होता जा रहा है। मातृशक्ति का आह्वान करते हुए उन्होंने विशेष जोर दिया कि संतान के निर्माण में सबसे पहला और महत्वपूर्ण कर्तव्य माँ का होता है, इसलिए अब मातृशक्ति को अपनी इस महान जिम्मेदारी के प्रति जागना होगा। कथावाचिका सविता शास्त्री ने भगवान श्री राम के प्रेरक प्रसंगों को सुनाया। कहा कि जिस तरह राम ने अपना जीवन जीया था हमें भी उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में उतरना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सौदान सिंह पूर्व प्रधान द्वारा की गई। प्रातः काल तीनों दिन वैदिक यज्ञ आचार्य सत्यप्रिय आर्य पूर्व प्रधान द्वारा सम्पन्न कराया गया।

आयोजक वैद्य बंगाली आर्य, रमेश चंद्र आर्य, चंद्रप्रकाश अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ब्रजेश शास्त्री, बच्चू सिंह, स्वामी संपूणार्नंद, प. रमाकान्त, सूरजभान हवलदार, सुग्रीव सिंह, रामदेव आर्य, छिद्दा सिंह आर्य, वीरी सिंह बघेल आर्य, डा. भगवती, हरिप्रसाद, शंकर भगत, जयपाल सिंह कैप्टन सहित सैकड़ों जन उपस्थित रहे।

# ब्रज गधे को राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन रजिस्टर में मिली मान्यता

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।





■ दो वर्षों तक सर्वेक्षण के बाद दुवासु मथुरा की वैज्ञानिक टीम को मिली सफलता

■ बरसाना, गोवर्धन और आसपास के पथरीले क्षेत्रों में पाई जाने वाली बत्तीसी बकरी को भी मिला स्थान

उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान (दुवासु), मथुरा को पशु आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि हासिल हुई है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (आईसीएआर-एनबीएजीआर), करनाल द्वारा बत्तीसी बकरी एवं ब्रज के गधे को राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन रजिस्टर में पंजीकृत किए जाने की औपचारिक पुष्टि की गई है। दोनों स्थानीय पशु आबादियों को राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक पहचान मिलने से उत्तर प्रदेश सहित देश की समृद्ध स्वदेशी पशु जैव-विविधता के संरक्षण को नई दिशा मिलेगी।

**दो वर्ष तक हुआ वैज्ञानिक सर्वेक्षण**

आईसीएआर-एनबीएजीआर द्वारा वित्तपोषित नेटवर्क प्रोजेक्ट ऑन एनिमल जेनेटिक रिसोर्सेज के अंतर्गत विश्वविद्यालय की बहुविषयक वैज्ञानिक टीम ने करीब दो वर्षों तक व्यापक अध्ययन किया। इस वैज्ञानिक टीम में डॉ. अवनीश कुमार, प्रधान अन्वेषक एवं प्रमुख आवेदक, पशु प्रजनन एवं संवर्धन विभागय डॉ. दीपक शर्मा, सह-अन्वेषक एवं विभागाध्यक्षय डॉ. एस.पी. सिंह, सह-अन्वेषकय डॉ. विकास पाठक, सह-अन्वेषक एवं अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय तथा डॉ. मुकुल आनंद, सह-अन्वेषक, पशु चिकित्सा शरीर क्रिया विज्ञान विभाग शामिल रहे।

बत्तीसी बकरी की विशेष पहचान

बत्तीसी बकरी राजस्थान के अलवर जिले तथा उससे लगे ब्रज क्षेत्र, विशेषकर बरसाना, गोवर्धन और आसपास के पथरीले क्षेत्रों में पाई जाती है। सामान्यतः इसका रंग सफेद होता है तथा चेहरे, छाती, पेट और पैरों पर काले धब्बे अथवा धारियां दिखाई देती हैं। इसका शरीर मजबूत एवं गठीला होता है। पशुपालक इसे दूध एवं मांस, दोनों के लिए उपयोगी मानते हैं।

**ब्रज गधे को मिली विशिष्ट वैज्ञानिक पहचान**

ब्रज गधा मथुरा और आसपास के ब्रज क्षेत्र में पाया जाने वाला स्वदेशी गधा है। सफेद-धूसर रंग, मजबूत एवं गठीले शरीर और कठिन कार्य परिस्थितियों को सहन करने की क्षमता इसकी प्रमुख विशेषताएं हैं। परंपरागत रूप से इनका उपयोग ईंट, बालू तथा अन्य निर्माण सामग्री ढोने में किया जाता रहा है।

पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विषय के विशेषज्ञ और विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अभिजित मित्र ने इस उपलब्धि पर वैज्ञानिक टीम को बधाई देते हुए कहा कि बत्तीसी बकरी और ब्रज गधे का पंजीकरण केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, बल्कि उन पशुपालक समुदायों के योगदान की भी मान्यता है।

### कृषि यंत्रों के लिए ई लॉटरी से होगा पात्रों का चयन

टीएनएफ टुडे, मथुरा। उप कृषि निदेशक आवेश कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेज्ड्यू योजनान्तर्गत कृषि यन्त्रों की ई लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से कृषकों का चयन प्रक्रिया। जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष 21 अगस्त को प्रातः 11.30 बजे से कृषि भवन सभागार मथुरा में ई-लॉटरी सम्पन्न करायी जायेगी। जहां कृषि यन्त्रीकरण की समस्त योजनाओं में लक्ष्य की सीमा तक बुकिंग हुयी है, उन समस्त कृषकों की बुकिंग कन्फर्म की जा चुकी है, जिस कारण ऐसे कृषकों को ई लॉटरी की आवश्यकता नही है। ई लॉटरी में चयनित कृषकों को उनके मोबाइल नम्बर पर एसएमएस के माध्यम से चयन एवं बिल अपलोड की अन्तिम तिथि की सूचना दी जायेगी। इसी प्रकार ई लॉटरी में प्रतीक्षा सूची में चयनित कृषकों को उनके मोबाइल नम्बर पर एसएमएस के द्वारा प्रतीक्षा सूची क्रमांक की सूचना दी जायेगी। ई लॉटरी व्यवस्था में लक्ष्य के अनुरूप चयनित किये जाने वाले लाभार्थियों की संख्या के अतिरिक्त क्रमवार प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जायेगी। ई लाटरी में चयनित न होने वाले सम्बन्धित कृषक को जमानत धनराशि अधिकतम छः माह में वापस कर दी जायेगी। प्रतीक्षा सूची में चयनित कृषक की जमानत धनराशि लक्ष्य के अवशेष न रहने पर वापस की जायेगी। आवेदन के समय कृषक द्वारा जमा की गयी जमानत धनराशि को बुक करते समय फीड किये गये बैंक खाता विवरण अथवा विभागीय पोर्टल पर कृषक के पंजीकृत बैंक खाते में वापस किया जायेगा।

### एसएसपी कार्यालय में आग लगने से मचा हड़कम्प

मथुरा। एसएसपी कार्यालय के प्रथम तल पर स्थित एक कमरे में गुरुवार सुबह करीब 9 बजे अचानक आग लग गई। आग एसी में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। एसी के पास रखा कार्डबोर्ड आग की चपेट में आ गया। कमरे से धुआं उठता देख तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और तेजी से कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। दमकलकर्मियों ने आग को कमरे के दूसरे हिस्सों तक फैलने से रोक दिया। आग बुझने के बाद पुलिस और दमकल टीम ने कमरे का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। प्राथमिक जांच में आग लगने की वजह एसी में हुआ शॉर्ट सर्किट सामने आई है। शॉर्ट सर्किट के कारण एसी के पास रखा कार्ड बोर्ड जलने लगा, जिससे कमरे में धुआं फैल गया। समय रहते सूचना मिलने के कारण आग को शुरूआती स्तर पर ही नियंत्रित कर लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग एसी में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। उन्होंने बताया कि घटना में किसी सरकारी संपत्ति को नुकसान नहीं हुआ है। न ही किसी व्यक्ति के घायल होने या जनहानि की सूचना है। दमकल विभाग की तत्परता से आग पर जल्द ही पूरी तरह काबू पा लिया गया। घटना के बाद पुलिस अधिकारियों ने कमरे का निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया। आग बुझने के बाद एसएसपी कार्यालय में सामान्य कामकाज जारी रहा।

### पुलिसकर्मी तो पहिए में सूजा घोंपते ही रहते हैं, एक निलंबित

टीएनएफ टुडे, मथुरा। मथुरा-वृंदावन में यातायात व्यवस्था संभालने के लिए ट्रैफिक पुलिस की एक कार्रवाई सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। वायरल वीडियो में एक पुलिसकर्मी बाइक के टायर में नुकीला औजार यानी सूजा मारकर उसे पंचर करता नजर आ रहा है। हाथ में हत्थे वाला बड़ा सा सूजा लिए तिराहे चौराहों पर खडे पुलिसकर्मी आसानी से दिख जाते हैं। खास कर ऑटो, ई रिक्शा को नियंत्रित करने के लिए यह खास उपाय पुलिस द्वारा अपनाया जाता है। बेतरतीब खडे ऑटो को पंचर कर देते हैं। हालांकि इसी तरह की एक घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एसएसपी मथुरा ने पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया है और मामले की जांच चल रही है। सीओ सदर वरूण कुमार की ओर से जारी किये गये बयान में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक पुलिसकर्मी द्वारा एक बाइकर को रोक कर उसका टायर पंचर किया जा रहा है। वीडियो के संबंध में जानकारी की गई तो यह प्रकाश में आया कि थाना वृंदावन पर नियुक्त मुख्य आरक्षी सुनील कुमार यादव द्वारा यह कृत्य किया गया है। जांच के क्रम में रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई है तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा द्वारा उक्त मुख्य आरक्षी को निलंबित कर दिया गया है।

### पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कर्मचारियों का प्रदर्शन

मथुरा। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के सैकड़ों पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने गुरुवार को पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। दोपहर करीब 2 बजे कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर नारेबाजी की और राजीव भवन तथा जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश ने बताया कि वर्तमान में सरकारी कर्मचारियों को नवीन पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत रखा गया है। उन्होंने एनपीएस में कई खामियां गिनाईं। सत्यप्रकाश के अनुसार, एनपीएस में निश्चित पेंशन का प्रावधान नहीं है और यह बाजार आधारित योजना है। इससे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली पेंशन को लेकर अनिश्चितता और असुरक्षा महसूस होती है। प्रदर्शनकारियों ने तर्क दिया कि कर्मचारी अपनी पूरी सेवा अवधि के दौरान शासन और जनता के हित में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। इसलिए, सेवानिवृत्ति के बाद सम्मानजनक जीवनयापन के लिए एक निश्चित पेंशन व्यवस्था आवश्यक है। कर्मचारियों का मानना है कि पुरानी पेंशन योजना ही उनके बुढ़ापे का एकमात्र प्रमुख सहारा है। संघ के पदाधिकारियों ने सरकार से कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन योजना को तत्काल बहाल करने की मांग की। उनका कहना है कि इससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी और वे वृद्धावस्था में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकेंगे। इस प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश और जिला महामंत्री जगत चौधरी सहित संघ के कई पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। संघ ने सरकार से पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है।

### वृंदावन में बाईकों में सूआ घोंपने वाला हैडकांस्टेबिल एसएसपी ने किया निलंबित

मथुरा। वृंदावन में यातायात व्यवस्था संभालने के लिए ट्रैफिक पुलिस की एक कार्रवाई सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। वायरल वीडियो में एक पुलिसकर्मी बाइक के टायर में नुकीला औजार यानी करता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि पुलिसकर्मी ने बाइक के टायर में एक-दो नहीं, बल्कि तीन बार सूजा मारा। इस दौरान बाइक सवार युवक पुलिसकर्मी से उसे छोड़ने की गुहार लगाता रहा, लेकिन उसकी बात नहीं सुनी गई। सूजा मारकर उसे पंचर कर दिया। सीओ सदर वरुण मिश्रा ने बताया कि यह कृत्य वृंदावन थाने में तैनात यादव ने किया था। मामले की जांच रिपोर्ट गई है। एसएसपी ने मुख्य आरक्षी सुनील कुमार यादव को निलंबित कर दिया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो रमणरेती मुख्य आरक्षी सुनील कुमार और अधिकारियों को भेज दी। पुलिस चौकी के सामने का बताया जा रहा है। वीडियो में एक बाइक सवार तीन लोगों को बैठाकर जाता दिखाई देता है। चौकी के सामने पहुंचते ही एक पुलिसकर्मी उसे रोक लेता है। इसके बाद पुलिसकर्मी बाइक के आगे और पीछे के टायर में नुकीला औजार मारना शुरू कर देता है। बाइक सवार उसे छोड़ने की गुहार लगाता दिखाई देता है, लेकिन पुलिसकर्मी लगातार टायर को पंचर करता रहता है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं कृषकों की समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने किसानों को इस योजना का पारदर्शी एवं प्रभावी लाभ सुनिश्चित करने और शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी के संज्ञान में आया कि कई मामलों में बैंक शाखाओं द्वारा किसानों के खातों से फसल बीमा प्रीमियम तो काट लिया जाता है, लेकिन उनकी बीमा पॉलिसी जनरेट नहीं की जाती और न ही प्रीमियम बीमा कंपनी को हस्तांतरित किया जाता है। इसके परिणामस्वरूप, फसल क्षति होने पर किसानों को बीमा योजना के लाभ से वंचित होना पड़ता है। इसके अतिरिक्त, कुछ ऐसे प्रकरण भी सामने आए हैं जहाँ प्रीमियम काटने और पॉलिसी जनरेट होने के बावजूद क्षतिपूर्ति की धनराशि किसी अन्य व्यक्ति के खाते में भेज दी जाती है। इन गंभीर अनियमितताओं पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी और त्रुटि या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक की जवाबदेही तय की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जांच के उपरांत किसान को हुई वास्तविक वित्तीय क्षति की नियमानुसार वसूली संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक एवं जिला स्तरीय कोऑर्डिनेटर से कराई जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी स्तर पर बैंक की लापरवाही के कारण अन्नदाताओं को उनके हक से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

जनपद में पूर्व वर्षों में गैर-ऋणी कृषकों से संबंधित बीमा प्रकरणों में सामने आई स्थितियों को ध्यान में रखते हुए, जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि खरीफ 2026 सीजन में गैर-ऋणी कृषकों की बीमा पॉलिसियों का एक समिति गठित कर शत-प्रतिशत स्थलीय सत्यापन कराया जाए। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि केवल वास्तविक कृषकों का ही बीमा हुआ है और योजना में किसी भी प्रकार की अनियमितता की कोई गुंजाइश न रहे। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों, जिला स्तरीय बैंक समन्वयकों, कृषि विभाग तथा बीमा कंपनी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता, जवाबदेही और कृषक हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

# डीएम ने मेडिकल कॉलेज का किया आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कल्पना जायसवाल तथा सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडे के साथ मेडिकल कॉलेज का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज की विभिन्न व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत एमबीबीएस एवं पीजी के मेडिकल विद्यार्थियों तथा रेजिडेंट डॉक्टरों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कॉलेज की व्यवस्थाओं और विद्यार्थियों को होने वाली समस्याओं के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए सुधार के लिए सुझाव भी मांगे।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परिसर में स्थित पांचों हॉस्टलों का भी जायजा लिया। इन हॉस्टलों में करीब 700 से अधिक प्रशिक्षु डॉक्टर एवं छात्र-छात्राएं रहते हैं। हॉस्टल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने निर्देश दिए कि हॉस्टल वार्डन प्रत्येक सप्ताह बैठक आयोजित कर विद्यार्थियों की समस्याएं सुनें।

उन्होंने रेजिडेंट डॉक्टरों की समितियां गठित करने के निर्देश भी दिए, जो नियमित रूप से समस्याओं पर चर्चा कर उनकी जानकारी हॉस्टल वार्डन और प्राचार्य को देंगी। जिलाधिकारी ने परिसर और हॉस्टलों में सफाई व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश देते हुए नगर निगम के माध्यम से नियमित सफाई एवं कूड़ा उठान सुनिश्चित कराने को कहा। इसके अलावा बिजली और पानी से संबंधित समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

अंत में जिलाधिकारी ने जनपद में शुरू की गई ह्यफिरोजाबाद सुशासन यूट्यूब पहलह्न के तहत मोटिवेशनल लेक्चर एवं कैरियर गाइडेंस उपलब्ध कराने में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रस्ताव रखा।

निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, डॉ. नौशाद सहित संबंधित अधिकारी एवं चिकित्सक मौजूद रहे।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, पति समेत तीन पर जहर खिलाने का आरोप

## मारपीट और धोखे से जहर खिलाने का मायके पक्ष ने लगाया आरोप, तहरीर का इंतजार

टीएनएफ टुडे, करहल।

थाना क्षेत्र में 28 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान प्रेमलता निवासी नगला मना, थाना मीरापुर, जिला फररुखाबाद के रूप में हुई है। मायके पक्ष ने ससुरालियों पर विवाहिता के साथ मारपीट करने तथा धोखे से जहरीला पदार्थ खिलाने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद मृतका के मायके में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले में तहरीर मिलने का इंतजार कर रही है।

जानकारी के अनुसार प्रेमलता की शादी 4 अप्रैल 2013 को नगला डम्बर निवासी राजेंद्र सिंह यादव के पुत्र अखिलेश के साथ हुई थी। परिजनों का कहना है कि विवाह के समय अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज भी दिया गया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही प्रेमलता को ससुराल में प्रताड़ित किया जाने लगा और उसके साथ आए दिन मारपीट की जाती थी।

मायके पक्ष के अनुसार प्रेमलता के पति अखिलेश ने फरवरी 2022 में उसकी मौजूदगी में सीखा निवासी हरदुआ बबना, नवाबगंज, फररुखाबाद के साथ दूसरी शादी कर ली। परिजनों का आरोप है कि प्रेमलता को तलाक दिए बिना ही दूसरी शादी की गई। इसके बाद विवाद और बढ़ गया तथा प्रेमलता को कथित रूप से मानसिक एवं शारीरिक रूप से परेशान किया जाता रहा।

मृतका के परिजनों ने पति अखिलेश, दूसरी पत्नी सीखा तथा सीखा की मां गुड्डी देवी पर प्रेमलता के साथ मारपीट करने और बाद में धोखे से जहरीला पदार्थ खिलाने का आरोप लगाया है। हालांकि इन आरोपों की अभी पुलिस स्तर से पुष्टि नहीं हुई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

विवाहिता की मौत की जानकारी मिलते ही आसपास के क्षेत्र में भी तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। परिजनों ने मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद आरोपों की जांच की जाएगी और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई होगी। समाचार लिखे जाने तक मृतका के मायके पक्ष की ओर से पुलिस को लिखित तहरीर नहीं दी गई थी।

# तुलसी विवाह से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**फिरोजाबाद।** 'सती तुलसी देह त्याग कर गंडकी नदी तथा तुलसी वृक्ष के रूप में परिणत हुई है। प्रत्येक आंगन में लगी तुलसी हमें उस साध्वी की केवल याद ही नहीं दिलाती बल्कि सदैव पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती है। तुलसी के जल सिंचन तथा हरा-भरा रखने का जो नियम-संकल्प प्रत्येक परिवार में होता है, उसमें कहीं न कहीं प्रकृति का सम्मान छुपा है।' उक्त उद्गार कथावाचक डॉ दीपिका उपाध्याय ने श्रीशिवमहापुराण प्रवचन के सातवें दिन व्यक्त किये।

गुरुदीपिका योगक्षेम फाउंडेशन के द्वारा श्रीगोपालजी धाम, दयालबाग, आगरा में श्रावण मास के पवित्र अवसर पर श्रीशिवमहापुराण प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रवचनकर्ता ने तुलसी की उत्पत्ति की कथा सुनाई । शंखचूड़ नामक राक्षस के जन्म, उसके सती तुलसी से विवाह तथा तुलसी के पातिव्रत की कथा सुनकर श्रोताओं को आनंद आ गया।

कथा वाचक ने कहा कि स्त्री वह शक्ति है जिसका समस्त देवता भी सम्मान करते हैं । अंधकासुर का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान शिव के पाशुपत व्रत पालन के समय अंधकासुर ने भगवती पार्वती की गुफा को घेर लिया था। तब भगवती के स्मरण मात्र से समस्त देव शक्तियां वहां आई तथा प्रचंडरूप के साथ अंधकासुर की सेना से प्रचंड युद्ध किया।

# राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस ने आयोजित की संगोष्ठी

**फिरोजाबाद।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 82वीं जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मिलन स्थली, मोढ़ा पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह यादव ने किया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा कि राजीव गांधी ने देश में 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का अधिकार देकर युवा शक्ति को लोकतंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका दिलाई। उन्होंने देश को आधुनिक और विकसित बनाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया।

उन्होंने कहा कि राजीव गांधी गांव, गरीब और किसान को मजबूत बनाने के पक्षधर थे। उनका मानना था कि गांव और किसान मजबूत होंगे, तभी देश के विकास की मजबूत नींव तैयार होगी। उन्होंने श्रीलंका में शांति एवं सद्भाव स्थापित करने के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए। राजीव गांधी के दिखाए मार्ग पर चलकर कांग्रेस कार्यकर्ता देश की एकता और मजबूती के लिए कार्य करते रहेंगे।

संगोष्ठी में जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा एडवोकेट, जितेंद्र तिवारी, जहीर खाकसार, जिला महासचिव शांति दास संखवार, अनिल यादव तथा किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय यादव ने भी विचार व्यक्त किए।

# हिंदी जानो प्रतियोगिता में एमडी जैन इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने हासिल किए स्थान

टीएनएफ टुडे, सिरसागंज।

राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रज्ञा हिंदी सेवा संस्था द्वारा फिरोजाबाद जनपद के प्रमुख विद्यालयों में 4 से 6 अगस्त के बीच ह्यहिंदी जानो प्रतियोगिताह्न का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में फिरोजाबाद जनपद एवं आसपास के क्षेत्रों से निकलकर विश्व स्तर पर हिंदी को पहचान दिलाने वाले लेखकों के जीवन-चित्रण से संबंधित प्रश्न पूछे गए।

एमडी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में प्रतियोगिता का आयोजन 4 अगस्त को किया गया। प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन के कुशल निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कनिष्ठ वर्ग में कक्षा छह की साक्षी ने प्रथम तथा कक्षा सात के साहिल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं वरिष्ठ वर्ग में कक्षा दस की पायल ने प्रथम तथा कक्षा दस की आराध्या कुशवाह ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

प्रार्थना सभा के दौरान प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन ने स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को संस्था द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र, पुरस्कार पदक एवं उत्तर पुस्तिकाओं का सेट प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने विद्यालय की प्रबंध समिति, प्रतियोगिता के आयोजक कृष्ण कुमार कनक एवं डॉक्टर मुकेश मणिकांचन, प्रतियोगिता संयोजक डॉ. नितिन मिश्र तथा सहयोगी शिक्षकों का सराहनीय सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# नसीरपुर औद्योगिक क्षेत्र का डीएम ने लिया जायजा, 24 को आएगी यूपीआईडीए की टीम

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।



फिरोजाबाद दाता संन्देश। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने नसीरपुर क्षेत्र में विकसित किए जा रहे औद्योगिक क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को औद्योगिक क्षेत्र में अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने और उद्यमियों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि यूपीआईडीए द्वारा करीब 354 एकड़ भूमि अधिगृहीत की गई है। प्लॉट आवंटन प्रक्रिया के तहत यूपीआईडीए के उप्ला पोर्टल पर चार प्लॉट आवंटन के लिए प्रदर्शित किए गए थे। इनमें 10 एकड़ का एक प्लॉट केएन इंजीनियरिंग तथा चार एकड़ का एक प्लॉट अतुल इंजीनियरिंग को आवंटित किया जा चुका है। वर्तमान में प्लॉट संख्या छह और सात आवंटन प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित हैं।

उन्होंने बताया कि यूपीआईडीए द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में भूमि की दर 4,400 रुपये प्रति वर्ग मीटर निर्धारित की गई है।

जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी 24 अगस्त को यूपीआईडीए की विशेष टीम औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण करेगी। टीम स्थानीय उद्यमियों एवं संभावित निवेशकों के साथ बैठक कर औद्योगिक क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर संवाद करेगी।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं संबंधित निकायों को निर्देश दिए कि उद्यमियों को नसीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में अधिक से अधिक भूमि खरीदने और औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाए। निवेशकों को भूमि आवंटन तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित प्रक्रियाओं में हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाए, ताकि औद्योगिक गतिविधियों को गति मिल सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र के पूर्ण रूप से विकसित होने से जनपद में बड़े पैमाने पर निवेश आने की संभावना है। इससे स्थानीय स्तर पर औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

# पुलिस मुठभेड़ में तीन गो-तस्कर गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे, कासगंज।

- तीन तमंचे, कारतूस, बाइक और एक क्विंटल मांस बरामद
- पुलिस टीम की, जवाबी कार्रवाई में घायल हुआ आरोपी

अमांपुर थाना पुलिस ने बुधवार रात रानामऊ गांव के जंगल में मुठभेड़ के दौरान तीन शातिर गो-तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से तीन अवैध तमंचे, छह कारतूस, एक मोटरसाइकिल, करीब एक क्विंटल मांस और मांस काटने के उपकरण बरामद किए गए हैं।

बुधवार की रात अमांपुर पुलिस संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग करते हुए क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मोहनपुर रोड स्थित रानामऊ के जंगल में कुछ लोग गोकशी कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने जंगल में घेराबंदी कर कांबिंग शुरू की।पुलिस को जंगल में संदिग्ध लोग दिखाई दिए। पुलिस के नजदीक पहुंचते ही आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें जाविद के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने मौके से दो अन्य आरोपियों आलेहसन और मशरूम को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में जाविद पुत्र मफूल निवासी इंद्रानगर, आलेहसन पुत्र बरकत और मशरूम पुत्र सत्तार निवासी राजीवनगर, अमांपुर शामिल हैं।

# एसएसपी ने विद्यार्थियों को बताए सफलता के छह मूल मंत्र

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।

सफलता का मार्ग अधिकारियों के साथह्व विशेष संवाद श्रृंखला के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने वर्चुअल माध्यम से करीब 3000 विद्यार्थियों और दाऊ दयाल गर्ल्स इंटर कॉलेज में प्रत्यक्ष रूप से मौजूद 80 से अधिक छात्राओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन के साथ अनुशासन और निरंतर मेहनत के जरिए सफलता हासिल करने के मूल मंत्र बताए।

एसएसपी आदित्य लांग्हे ने कहा कि जीवन में सबसे जरूरी है अच्छा इंसान बनना। व्यक्ति जिस भी पद पर पहुंचे, उसे अपनी इंसानियत नहीं खोनी चाहिए। एक अच्छा इंसान ही अपने पद के साथ सच्चा न्याय कर सकता है।

# किसान दिवस में किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर

## सीडीओ ने अधिकारियों को दिए किसानों की समस्याओं के समयबद्ध एवं प्राथमिकता से निस्तारण के निर्देश

टीएनएफ टुडे, एटा।

किसान दिवस का आयोजन मुख्य विकास भवन स्थित शताक्षी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में एफपीओ प्रतिनिधियों, प्रगतिशील किसानों तथा कृषि एवं कृषि से संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। किसान दिवस में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी किसानों को दी गई तथा किसानों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान दिवस में प्राप्त किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा संबंधित विभाग किसानों से प्राप्त शिकायतों पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करें।

उप कृषि निदेशक सुमित कुमार ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसानों को दी। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि किसान दिवस में प्राप्त समस्याओं एवं सुझावों का तत्काल संज्ञान लेकर प्रभावी निस्तारण कराया जाएगा।

जिला कृषि अधिकारी डॉ. मनवीर सिंह ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी देते हुए किसानों से अपील की कि वे निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत 31 अगस्त से पूर्व अपनी फसलों का बीमा अवश्य करा लें, जिससे दैवीय आपदा अथवा प्राकृतिक आपदा के कारण फसल को होने वाले नुकसान की स्थिति में योजना के अंतर्गत नियमानुसार लाभ प्राप्त किया जा सके,जिला प्रबंधक नाबार्ड पवन कुमार ने किसानों को बैंकिंग सुविधाओं तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए बरसात के मौसम में पशुओं की देखभाल, उचित पोषण एवं आश्रय स्थलों में उनके समुचित रख-रखाव के संबंध में किसानों को जागरूक किया। जिला उद्यान अधिकारी ने किसानों को फूलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करते हुए बताया कि किसान फूलों की खेती को अपनाकर अपनी आय में अतिरिक्त वृद्धि कर सकते हैं। एपीडा के प्रतिनिधि डॉ. आदित्य कुमार ने एफपीओ के गठन, संचालन तथा अभिलेखों के उचित रख-रखाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा किसानों को सामूहिक रूप से कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।

बैठक में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एस.के. सिंह, सिंचाई विभाग के प्रतिनिधि सहित कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों को विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा अपनी समस्याओं एवं सुझावों को किसान दिवस के माध्यम से संबंधित विभागों के समक्ष रखने के लिए प्रेरित किया।



### पुलिस लाइन में बैडमिंटन प्रतियोगिता, एसपी सिटी ने भी किया प्रतिभाग

मैनपुरी। पुलिस लाइन मैनपुरी स्थित बहुउद्देशीय हॉल में बुधवार को वामसार्थी के तत्वावधान में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में पुलिस अधीक्षक नगर अरुण कुमार सिंह ने भी प्रतिभाग कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता टीम एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। पुलिस अधीक्षक नगर अरुण कुमार सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ ही उनमें टीम भावना और आपसी समन्वय को बढ़ावा देती हैं। प्रतियोगिता में पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता को लेकर प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### नाबालिग किशोरी को भगा ले जाने का आरोप

करहल। थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने एक अज्ञात व्यक्ति पर उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए करहल थाने में तहरीर दी है। पीड़िता की मां के अनुसार, किशोरी घर से शौच क्रिया के लिए निकली थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजन चिंतित हो गए और किशोरी के गायब होने की सूचना पुलिस को दी। मां ने पुलिस को दी तहरीर में आशंका जताई है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। किशोरी की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर जानकारी जुटाई जा रही है। घटना को लेकर परिजनों में चिंता का माहौल है।

### सीएचसी करहल की ओपीडी में बैठने और पंखों की समस्या दूर कराने की मांग

करहल। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करहल की ओपीडी एवं वेटिंग एरिया में मरीजों को हो रही असुविधाओं को लेकर बसपा कार्यकर्ता एडवोकेट वीर बहादुर सिंह, बहुजन समाज एकता दल के अध्यक्ष विक्रम जाटव एवं उनके अन्य साथियों ने चिकित्सा अधीक्षक से मुलाकात कर समस्याओं का जल्द समाधान कराने की मांग की। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक को दिए पत्र में बताया कि सीएचसी की ओपीडी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। मरीजों और उनके तीमारदारों को बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं वेटिंग एरिया में पंखों की पर्याप्त व्यवस्था न होने से गर्मी के मौसम में मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। बसपा कार्यकर्ता एडवोकेट वीर बहादुर सिंह और विक्रम जाटव ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों में बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और गंभीर बीमारी से पीड़ित लोग भी शामिल होते हैं। ऐसे में उन्हें लंबे समय तक खड़े रहना या गर्मी में बिना पंखे के बैठना काफी परेशानी भरा होता है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ओपीडी और वेटिंग एरिया में पर्याप्त बैठने की व्यवस्था कराने तथा खराब या कम पंखों की समस्या को तत्काल दूर कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध होनी चाहिए। चिकित्सा अधीक्षक से समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराने का अनुरोध किया गया।

### आवारा सांड के हमले में घायल हुए अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

शिकोहाबाद । 15 अगस्त को रेलवे स्टेशन के निकट स्वामी नगर में रहने वाले बाल्मीकि समाज के अधेड़ को आवारा गोवंश ( सांड ) ने हमला कर उसे गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया था। अधेड़ का पेट फटने से आंत भी बाहर आ गई थी। जिसका ऑपरेशन होने के बाद पिछले 5 दिन से सैफई मिनी पीजीआई में इलाज चल रहा था। वो पांच दिन तक जिंदगी मौत के बीच झूलता रहा। गुरुवार को अधेड़ की मौत हो गई। उसका शव घर पहुंचते ही हाहाकार मच गया। इधर परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया ।साथ ही शासन प्रशासन से राहत राशि देने की मांग लोगों ने की है। जानकारी के मुताबिक सुरेश बाल्मीकि पुत्र मंगल सिंह बाल्मीकि निवासी स्वामी नगर शिकोहाबाद कबाड़ा बीनकर उससे अपने परिवार का भरण पोषण करता था। वह स्वतंत्रता दिवस वाले दिन यानी 15 अगस्त को सुबह 6 बजे शौच क्रिया करने के लिए नहर के पास गया था। इसी दौरान वहां एक आवारा गोवंश आ गया। जिसने अधेड़ पर हमला कर दिया। गोवंश का सींग अधेड़ के पेट में लगा था , जिससे पेट में गहरी चोट आने व आंत निकलने के बाद उसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर परिजन सैफई पीजीआई ले गए। जहां 5 दिन जीवन मौत के बीच झूलते हुए आखिरकार वह अपनी जिंदगी की जंग हार गया। पोस्टमार्टम के बाद जब उसका शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी अनारो देवी विकलांग है। उसके तीन संतान अजय , कल्पना तथा पुत्र छोटी हैं। इधर लोगों ने कहा कि आवारा गोवंश के कारण लोगों की जान जा रही है। प्रशासन को सड़को पर घूमने वाले आवारा गोवंश से निजात दिलाई जाए जिससे किसी के घर के दुबारा ऐसी स्थित न आए। वहीं समाजसेवियों ने शासन प्रशासन से पीड़ित परिवार को राहत राशि देने की मांग की है, जिससे विकलांग पत्नी का गुजारा हो सके।

### जनकल्याण महिला समिति के कार्यक्रम में तीज क्वीन बनीं दीप्ति गुप्ता

शिकोहाबाद। जनकल्याण महिला समिति की महिला सदस्यों ने स्टेशन रोड स्थित होटल नेह अतिथि आतिथ्य गृह में हरियाली तीज का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया ।जिसमें समिति से जुड़ी इन महिलाओं ने भक्ति, धार्मिक गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर चार चाँद लगा दिए ।महिलाओं ने खेल प्रतियोगिता में भी बढ़ चढ़कर प्रतिभागिता की ।इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्षा अग्रवाल ने की। इस अवसर पर कहा गया कि तीज महोत्सव हमें एकजुटता, धार्मिक गुणों से परिपूर्ण करता है। हरियाली तीज भगवान शिव शक्ति को समर्पित है। इस अवसर पर दीप्ती गुप्ता ने हरियाली तीज की क्वीन का खिताब जीता। इस अवसर पर समिति की पदाधिकारियों ने उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर गुंजन, रानी मित्तल, सोनिया, मोनिका, निधि अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, स्वीटी मित्तल, गौरी अग्रवाल, राधा, आभा अग्रवाल, मीनू गोयल, अर्चना, अंजली, रीना, रोली, वीना, रीता पांडे, नेहा दत्ता, बिन्नी वर्मा, चांदनी, शेफाली, प्रिया तोमर, मोहिनी, शिल्पी आदि मौजूद रहीं।

### कार्यक्रम में छात्र छात्राओं से नशे से दूर रहने का किया आव्हान

शिकोहाबाद। नगर के यंग स्कॉलर्स एकेडमी के प्रांगण में ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्था द्वारा व्यसन मुक्ति अभियान चलाया गया। इसको लेकर संस्था की सदस्यों ने छात्र-छात्राओं को नशा के दुष्प्रभाव बताए। इस अवसर पर संस्था संचालिका बी.के. पूनम ने छात्रों से कहा कि नशा कई प्रकार का होता है। जिससे मानसिक, शारीरिक अशांति पैदा होती है। शारीरिक अशांति से पैदा हुई दुर्बलता तो देखी जा सकती है लेकिन अदृश्य मानासिक दुर्बलता की शांति हेतु हमें अपने मन को शांत रखना आवश्यक है। इसलिए जीवन में कभी भी किसी प्रकार का नशा नहीं करना है। नशा शरीर को तो नुकसान पहुंचाता है। बल्कि कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों को भी जन्म देता है। बीके विभोर ने नशा मुक्ति के लिए सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक वर्ग को शपथ दिलाई। इस असवर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. संजीव आहूजा, निदेशिका ईशा आहूजा ने छात्रों को नशे से दूर रहने का आवाह्न किया। इस दौरान बी.के. प्राची, बी.के. राजपाल, बी.के शिवांगी, बी.के. शम्भू आदि लोग मौजूद रहें।

# 105 मारहरा विधानसभा में सपा का पीडीए स्वजन सम्मेलन, पूर्व विधायक अमित गौरव यादव 'टीटू' के नेतृत्व में जुटे कार्यकर्ता

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।



जनपद एटा की 105 मारहरा विधानसभा क्षेत्र के गांव बहटा में समाजवादी पार्टी की ओर से पीडीए स्वजन सम्मेलन एवं स्वजन से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व 105 मारहरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्री अमित गौरव यादव टीटू जी ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री ओमप्रकाश सविता जी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव श्री विनोद सविता जी एवं मंच संचालन गिरीश चंद्र यादव महासचिव मारहरा ने किया।

सम्मेलन में पीडीए की एकजुटता, सामाजिक न्याय, आपसी भाईचारे और राजनीतिक भागीदारी को लेकर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि विनोद सविता जी ने सविता समाज सहित पीडीए के सभी वर्गों से एकजुट होकर समाजवादी पार्टी के संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

विनोद सविता जी ने अपने संबोधन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी को पुनः उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और समान भागीदारी की लड़ाई को मजबूत करने के लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर आगे आना होगा।

कार्यक्रम में श्री अमर सिंह वर्मा जिला सचिव, श्री अनिल कुमार यादव ब्लॉक प्रमुख, श्री राम सेवक लोधी सदस्य राज्य कार्यकारिणी, श्री राकेश राजपूत जी, श्री ज्ञानपाल सिंह सविता, श्री गिरीश चंद्र यादव महासचिव विधानसभा मारहरा तथा श्री वीरपाल लोधी विधानसभा अध्यक्ष मारहरा सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पूर्व विधायक अमित गौरव यादव टीटू के नेतृत्व में आयोजित इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाज के लोगों और पार्टी कार्यकताओं ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान पीडीए की एकजुटता और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

**बहटा से गूंजा सामाजिक एकता और राजनीतिक भागीदारी का संदेश**

पीडीए स्वजन सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि समाज की मजबूती उसकी एकता में है। गांव-गांव तक संवाद स्थापित कर लोगों को संगठन से जोड़ने और सामाजिक न्याय की आवाज को मजबूत करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। सम्मेलन के माध्यम से सामाजिक एकता, सम्मान और राजनीतिक भागीदारी को लेकर मजबूत संदेश दिया गया।

# गिरा छज्जा, मलबे में दबकर बालक की मौत, दो बच्चे गंभीर

- कादरगंज में बंदरों के आतंक का बनी घटना का कारण
- मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, गंजडुंडवारा।



थाना सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र के गांव कादरगंज में बुधवार को बंदरों के उत्पात के कारण एक बड़ा हादसा हो गया। मकान के शौचालय का छज्जा अचानक गिर जाने से उसके खेल रही पांच वर्षीय मासूम बच्ची मलबे में दबकर मौत हो गई, जबकि दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया है।

गांव में बंदरों के आतंक का परिणाम गांव के लोगों को भुगतना पड़ा।गांव निवासी वीरेंद्र पुत्र नत्थू के मकान से निकले छज्जे पर शौचालय बना हुआ था। बुधवार को अचानक शौचालय की बाउंड्री पर बंदरों का झुंड कूद पड़ा। बंदरों की छलांग के भारी दबाव से छज्जे की बाउंड्री टूट गई और पूरा छज्जा अचानक भरभराकर नीचे आ गिरा। उस समय छज्जे के नीचे बच्चे खेल रहे थे, जो सीधे भारी मलबे की चपेट में आ गए।

हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची कादरगंज चौकी पुलिस और डायल 112 की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से तुरंत मलबे में दबे महावीर की 5 वर्षीय पुत्री आरती, जानकी के 3 वर्षीय पुत्र दिव्यांशु (शिवांशु) और 5 वर्षीय पुत्र शेखर को बाहर निकाला। सभी को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गंजडुंडवारा पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने आरती को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल दोनों भाइयों की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी (सीओ) अमित कुमार ने सीएचसी पहुंचकर घायलों की स्थिति का जायजा लिया।

**एक साल पहले ही से से उठ गया था माँ का साया**

ग्रामीणों ने बताया कि आरती की मां का निधन एक वर्ष पूर्व ही हो चुका था और उसकी बुजुर्ग दादी ही बड़े लाड-प्यार से उसका पालन-पोषण कर रही थीं।

# 13 साल तक बदलता रहा ठिकाने, जीआरपी के हत्थे चढ़ा शातिर चोर

- चलती ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने के मामले में था फरार
- हाथरस से गिरफ्तार, पांच मुकदमे है दर्ज

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



चलती ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने के मामले में वर्ष 2013 से फरार चल रहे वारंटी शाकिर खां पुत्र अनवर निवासी नाई का नगला, हाथरस को जीआरपी कासगंज पुलिस ने बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए करीब 13 वर्षों से लोनी, दिल्ली, हाथरस समेत अलग-अलग स्थानों पर ठिकाने बदलकर रह रहा था।

न्यायालय से आरोपी के खिलाफ कई गिरफ्तारी वारंट, गैर-जमानती वारंट और उद्घोषणा के साथ कुर्की के आदेश भी जारी हो चुके थे। जीआरपी ने यक्ष एप, सर्विलांस और स्थानीय स्तर पर पतारसी-सुरागरसी के बाद उसके ठिकाने का पता लगाया। टीम ने 20 अगस्त को हाथरस थाना क्षेत्र के नाई का नगला बस स्टैंड के पीछे, गलीचा फैक्ट्री के पास दबिश देकर उसे दबोच लिया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ जीआरपी कासगंज और फरुर्खाबाद में चोरी, अवैध हथियार और मादक पदार्थों से संबंधित पांच मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष कोमल कुन्तल, उपनिरीक्षक मो. नाजिर, कांस्टेबल विवेक कुमार और विशाल कुमार शामिल रहे।

# के.ए. पीजी कॉलेज में एनडीआरएफ का चला जागरूकता अभियान

- एनएसएस-एनसीसी कैडेट्स को सिखाए आपदा से निपटने के गुर
- भूकंप में 'ड्रॉप-कवर-होल्ड' से बचाव का कराया व्यावहारिक अभ्यास

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।




आपदा कभी बताकर नहीं आती, लेकिन जागरूकता और सही प्रशिक्षण से उसके प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से गुरुवार को केए पीजी कॉलेज, कासगंज में 8वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, गाजियाबाद की टीम ने स्कूल में सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में एनएसएस और एनसीसी कैडेट्स के साथ शिक्षकों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। एनडीआरएफ विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आपदा के दौरान स्वयं सुरक्षित रहने के साथ-साथ जरूरतमंदों की मदद करने के जीवनरक्षक तरीके सिखाए।

कमांडर निरीक्षक चमन किशोर गुप्ता के नेतृत्व में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को भूकंप, बाढ़, अग्निकांड, आकाशीय बिजली सहित विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ टीम ने भूकंप के समय अपनाई जाने वाली ह्यड्रॉप, कवर एवं होल्डह्ल तकनीक का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। कैडेट्स को बताया गया कि आपदा के समय घबराकर भागने के बजाय पहले स्वयं को सुरक्षित करना जरूरी है। सही समय पर सही कदम उठाकर चोट और जान के नुकसान को कम किया जा सकता है।कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा जीवनरक्षक प्रशिक्षण रहा। कैडेट्स ने भी इन तकनीकों को व्यवहारिक रूप से समझा और प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी की।

**घायल को सुरक्षित निकालने के भी बताए तरीके सीखे**

कैडेट्स को बताया गया कि किसी भी आपदा में अकेले प्रयास करने के बजाय टीम भावना के साथ काम करना अधिक प्रभावी और सुरक्षित होता है।

**आपदा से पहले तैयारी सबसे जरूरी**

एनडीआरएफ विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन के तीन महत्वपूर्ण चरणों–आपदा से पहले तैयारी, आपदा के दौरान सुरक्षित व्यवहार और आपदा के बाद आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी दी।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मिथलेश कुमारी ने एनडीआरएफ टीम के इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम के समापन पर टीम कमांडर निरीक्षक चमन किशोर गुप्ता ने विद्यार्थियों और शिक्षकों से अपील की कि आपदा की स्थिति में घबराने के बजाय धैर्य, सजगता और सूझबूझ से काम लें।

# सरहद पर तैनात सैनिकों को छात्राओं ने भेजी राखी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, पटियाली।



रक्षाबंधन पर जब बहनें अपने भाइयों की कलाई पर प्यार और विश्वास का धागा बांधने की तैयारी कर रही हैं, वहीं कम्पोजिट विद्यालय नगला गनेश की छात्राओं ने उन भाइयों को याद किया, जो अपनों से दूर देश की सरहद की हिफाजत में डटे हैं। छात्राओं ने अपने हाथों से राखियां तैयार कीं और उन्हें डाक के जरिए सीमा पर तैनात वीर जवानों के लिए भेजा।

रंग-बिरंगे धागों से सजी इन राखियों के साथ छात्राओं ने जवानों के नाम भावुक संदेश और पत्र भी लिखे। उन्होंने लिखा कि जब देशवासी अपने परिवारों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाते हैं, उस समय सैनिक देश की सुरक्षा के लिए सीमाओं पर मुस्तैद रहते हैं। ऐसे वीर जवानों के लिए बनाई गई राखी उनके हाथों तक पहुंचे, यही उनके लिए सबसे बड़ी खुशी है।

छात्राओं ने जवानों को अपना भाई बताते हुए लिखा कि उनके साहस, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा के कारण ही देशवासी अपने घरों में सुरक्षित होकर त्योहार मना पाते हैं। छात्राओं के मुताबिक राखी भले ही छोटी-सी भेंट है, लेकिन उसमें उनके दिल का स्नेह, सम्मान और देश के प्रति प्रेम समाया है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक अंकित द्विवेदी ने कहा कि बच्चों में देशप्रेम और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना पैदा करना शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। छात्राओं की यह पहल न केवल भावनात्मक है, बल्कि दूसरी बेटियों के लिए भी प्रेरणादायी है।इस अवसर पर शिक्षक धर्मेंद्र वर्मा, मृत्युंजय कुमार, हर्षवर्धन सिंह तथा शिक्षिकाएं संतोष यादव और कंचन यादव ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाया।

## पवन माहौर हत्या कांड की कराई जाए निष्पक्षता से जांच

टीएनएफ टुडे, कासगंज। कोतवाली के गांव चंदोसी ने हुई बसपा कार्यकर्ता की हत्या के मामले में गुरुवार को बसपा के प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कड़ी से कडी कार्यवाही और कड़ी सजा दिलाए जाने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने एसपी को बताया कि बीती 29जुलाई को चांदौस निवासी पवन माहौर की हत्या हुई थी मामले ने अभी तक कोई पुलिस कार्यवाही नहीं हुई है ।मंडल प्रभारी अनिल बघेल ने कहा कि आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी होनी चाहिए। आरोपियों की कड़ी से कडी सजा दिलाकर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। एसपी ओपी सिंह ने प्रतिनिधि मंडल को मांगों के आश्वत किया है। पृथ्वी राज गौतम, जाहिद अली निजमी, रामवीर सिंह प्रधान, देवेंद्र पायलट, प्रेमपाल, मोहम्मद हसन, सुभाष गौतम, नेत्रपाल सिंह, अमर नाथ सिंह आदि बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हार-जीत पर लग रही थी रकम, पुलिस ने सात को दबोचा

टीएनएफ टुडे, कासगंज। हार-जीत की बाजी लगाकर जुए की महफिल सजाना सात लोगों को भारी पड़ गया। सूचना पर सोरों पुलिस ने छापा मारकर मौके से सात जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे और मौके से 28,455 रुपये नकद, चार मोबाइल फोन, तीन मोटरसाइकिल, 52 ताश के पत्ते और चार पुलिंदे माल चिट बंदी बरामद किए हैं। कोतवाली प्रभारी लोकेश भाटी के अनुसार, 20 अगस्त को थाना पुलिस को क्षेत्र में जुआ खेले जाने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने दबिश देकर श्यामवीर निवासी हरनाथपुर, भूपेंद्र निवासी मूसावाली, शिवगोपाल निवासी गुड़गुड़ी, छोटेलाल निवासी हरनाथपुर, अशोक कुमार निवासी नगला खंजी, संदेश कुमार निवासी नगला झद्दी और नेकपाल निवासी हरनाथपुर को पकड़ लिया। मौके पर जुए की बाजी में लगी रकम और ताश के पत्ते देखकर पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने सातों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है।

## टेंपो की मैक्स पिकअप वाहन से भिड़ंत, चार शिक्षिकाएं घायल

टीएनएफ टुडे, कासगंज। ट्रेनिंग के लिए फरौली जा रही चार शिक्षिकाएं गुरुवार सुबह सड़क हादसे में घायल हो गईं। हादसा अमांपुर थाना क्षेत्र के ग्राम थरा-चीतरा के निकट हुआ। घायल शिक्षकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना क्रम के अनुसार, आगे चल रही मैक्स पिकअप के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे पीछे चल रहा टेंपो अनियंत्रित होकर पिकअप से जा टकराया। हादसे में टेंपो सवार प्राथमिक विद्यालय भानपुरा की शिक्षिका प्रीति (34) पत्नी अजीत कुमार, प्रतिभा (32) पत्नी कृष्ण मुरारी, प्राथमिक विद्यालय रायो की शिक्षिका अर्चना (36) पत्नी बंटी सिंह और प्राथमिक विद्यालय शेखपुरा नरई की शिक्षिका भाव्या (30) घायल हो गईं।हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। घायलों को तत्काल सीएचसी सहावर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने चारों को जिला अस्पताल कासगंज के लिए रेफर कर दिया।

## सड़क किनारे खेत में मिला 30 वर्षीय युवक का शव

टीएनएफ टुडे अमांपुर। अमांपुर-बिकौरा मार्ग किनारे बुधवार शाम खेत में करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव सड़क से करीब दो मीटर की दूरी पर खेत में पड़ा मिला। गांव बिकौरा निवासी हरीशंकर ने बुधवार शाम करीब सात बजे खेत में शव पड़ा देखा। आसपास के ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही थाना आमपुर पपुलिस ने मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया लोगों से पूंछताछ की।शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन देर रात तक पहचान नहीं हो सकी। पहचान के लिए शव को 72 घंटे तक पोस्टमार्टम गृह में सुरक्षित रखवाया गया है।

## इगलास अड्डा फाटक चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने को लगाए बैरिकेड

हाथरस। शहर के इगलास अड्डा फाटक चौराहे पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए हाथरस पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में ट्रैफिक पुलिस द्वारा बैरिकेड एवं बोलार्ड लगवाए गए। ट्रैफिक इंचार्ज अनूप सिंह यादव की मौजूदगी में सड़क पर आवश्यक स्थानों पर बैरिकेड लगाए गए, ताकि वाहनों की आवाजाही व्यवस्थित रहे और जाम की स्थिति से बचा जा सके।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्री-ट्रायल बैठकें सम्पन्न

- 12 सितम्बर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत
- अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के दिए निर्देश

एटा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के तत्वावधान में दिनांक 12.09.2026 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है।

उक्त के अनुपालन में अहमद उल्लाह खाँ, पीठासीन अधिकारी, एम.ए.सी.टी., एटा एवं कमालुद्दीन, अपर जिला जज/नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, युगल चन्द्र चौधरी, अपर सिविल जज(सी.डि.)/प्रभारी-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के साथ ओरियेण्टल इंण्डिया इन्श्योरेंश कम्पनी लि., के अधिकारीगण एवं बीमा कम्पनी के अधिवक्तागण की प्री-ट्रायल बैठक दिनांक 19.08.2026 को विश्राम कक्ष एम.ए.सी.टी., एटा में दोपहर 1:30 बजे सम्पन्न की गयी, जिसमें आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारित कराने के लिये निर्देशित किया गया। साथ ही उक्त के अनुपालन में आज ही सायं 04 बजे जिला पूर्ति अधिकारी एटा, नगर पालिका एटा, चकबन्दी विभाग एटा, विद्युत विभाग एटा, बी.एस.एन.एल. एटा एवं सिंचाई विभाग एटा के साथ प्रभारी-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के साथ बैठक आहूत की गयी। जिसमें आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारित कराने के लिये निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर रविकान्त सक्सैना, एस. एस. सिसौदिया, राजीव गुप्ता, प्रमोद कुमार, राधे श्याम, उदयवीर सिंह वर्मा, अर्पित मिश्रा, संजीव कुमार गुप्ता, प्रशान्त कुमार, राजीव गुप्ता, राहुल कुमार, लक्ष्मी कान्त शर्मा, आदि बीमा कम्पनी के अधिवक्तागण एवं कमलेश कुमार गुप्ता, जिलापूर्ति अधिकारी, एटा, सफीक बेग, चकबन्दी विभाग एटा एवं देवेन्द्र सिंह सहायक लिपिक, नगर पालिका परिषद एटा आदि उपस्थित रहें।

## आगरा रोड पर गांव वेदई मोड़ के निकट हुई सड़क दुर्घटना, रेफर

सादाबाद। आगरा अलीगढ़ राजमार्ग पर वेदई मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर आगरा रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, गांव वेदई निवासी रामजीलाल पुत्र रघुवीर सिंह अपनी बाइक से गांव की ओर जा रहे थे। आगरा राजमार्ग पर वेदई मोड़ के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामजीलाल बाइक समेत सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से चोटिल हो गए। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने घायल को सड़क से उठाया और उनके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और रामजीलाल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादाबाद लेकर गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की टीम ने रामजीलाल का प्राथमिक उपचार किया। जांच के दौरान उनके सिर में गंभीर चोट पाई गई, जिसके बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार और आवश्यक जांच के लिए हायर सेंटर आगरा रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लेकर आगरा रवाना हो गए हैं।

# पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम एक बार बोला, फिर हुआ खामोश

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर मई में लगाए गए थे अनाउंसमेंट सिस्टम, आपदा में अलर्ट देने का था दावा**

- तीन माह से चौराहों पर सन्नाटा, बने शोपीस

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, गंजडुंडवारा।



प्रदेश में आपदा प्रबंधन को मजबूत करने और नागरिकों तक त्वरित सूचना पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर निकायों में पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम स्थापित किए गए। इसी क्रम में मई माह में नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के सात प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर लाखों रुपये खर्च कर पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम लगवाया। दावा था कि अब आंधी, बारिश, बिजली गिरने, आगजनी और अन्य आपात परिस्थितियों में चंद मिनटों में पूरे नगर को सतर्क किया जा सकेगा, लेकिन तीन माह बाद यह व्यवस्था खुद ही खामोशी की चादर ओढ़े नजर आ रही है।

कस्बावासी नितिन कुमार के अनुसार सिस्टम लगने के समय परीक्षण के दौरान यह सिर्फ एक बार बजा, उसके बाद से चौराहों पर लगे लाउडस्पीकर मौन हैं। ऐसे में लोगों के बीच चर्चा है कि करोड़ों नहीं तो लाखों रुपये की यह व्यवस्था कहीं ढोल की पोल बनकर तो नहीं रह गई।

नगर पालिका परिषद परिसर, बान मंडी तिराहा, राजाराम चौराहा, पटियाली तिराहा, हनुमानगढ़ी चौराहा सहित सात स्थानों पर लगाए गए पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से आंधी, तेज बारिश, बिजली गिरने की चेतावनी, आगजनी की सूचना, स्वास्थ्य एवं टीकाकरण कार्यक्रमों की जानकारी, स्वच्छता अभियान, यातायात डायवर्जन, कानून-व्यवस्था संबंधी संदेश तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाना था।

वास्तविकता यह है कि मई के बाद नगर में तेज आंधी चली, बारिश हुई, बिजली आपूर्ति कई बार बाधित हुई और कई जनहित कार्यक्रम भी आयोजित हुए, लेकिन पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम से कोई सार्वजनिक उद्घोषणा सुनाई नहीं दी। इससे लोगों के बीच यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जिस व्यवस्था को संकट की घड़ी का सबसे बड़ा सहारा बताया गया था, उसका उपयोग आखिर कब होगा। वही इस लापरवाही को लेकर अमित कुमार का कहना है कि यदि समय-समय पर सिस्टम का परीक्षण और संचालन ही नहीं किया जाएगा तो आपदा के समय इसके सफल होने की उम्मीद कैसे की जा सकती है। लोगों का मानना है कि शासन की मंशा सराहनीय है, लेकिन स्थानीय स्तर पर लापरवाही के कारण मामला नौ दिन चले अढ़ाई कोस जैसा दिखाई दे रहा है।

# उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में वृद्धि

## ई-पास आधारित फीडबैक प्रणाली का हुआ शुभारंभ

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगंज।

उत्तर प्रदेश के 78 हजार से अधिक उचित दर विक्रेताओं के लिए शासन की ओर से लाभांश में वृद्धि किए जाने को लेकर अलीगंज ब्लॉक सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक क्षेत्रीय विधायक ठाकुर सतपाल सिंह राठौर की अध्यक्षता में तथा एसडीएम डॉ. शशि शेखर के नेतृत्व में स्क्रीनिंग के माध्यम से आयोजित हुई। बैठक में उचित दर विक्रेताओं के लाभांश को 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुंतल किए जाने की जानकारी दी गई। लाभांश में हुई इस वृद्धि को लेकर उचित दर विक्रेताओं में उत्साह देखने को मिला। बैठक में बताया गया कि शासन की नई व्यवस्था का उद्देश्य राशन वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। इसके साथ ही सिंगल स्टेज डोर-स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत ई-पास आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली के शुभारंभ की जानकारी स्क्रीनिंग के माध्यम से दी गई। इस प्रणाली के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं से राशन आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था से संबंधित फीडबैक लिया जाएगा, जिससे समस्याओं की जानकारी समय पर अधिकारियों तक पहुंच सके और उनका समाधान किया जा सके।

क्षेत्रीय विधायक ठाकुर सतपाल सिंह राठौर ने कहा कि सरकार उचित दर विक्रेताओं की समस्याओं के समाधान और उनकी कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। लाभांश में वृद्धि से विक्रेताओं को आर्थिक रूप से राहत मिलेगी और राशन वितरण व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

एसडीम डॉ शशि शेखर ने नई प्रणाली के संबंध में सभी कोटा डीलरों को अवगत कराया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने राशन वितरण में पारदर्शिता बनाए रखना, पात्र लाभार्थियों को समय से खाद्यान्न उपलब्ध कराने तथा शासन के निदेर्शों का पूरी तरह पालन करने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार तक निर्धारित मात्रा में राशन पहुंचना है।

बैठक के दौरान अलीगंज खंड विकास अधिकारी शिवशंकर शर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ अशोक रतन शाक्य, खाद्य पूर्ति निरीक्षक हरीश रंजन, पूर्ति निरीक्षक धारणा चौहान, विधायक पुत्र सूरज सिंह राठौर ब्लॉक क्षेत्र के सभी कोटा डीलर सहित ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद रहे।

## बुधवार तड़के डाकखाना रोड पर हुई घटना, दुकानदार से हाथापाई कर भागे बदमाश

सादाबाद। डाकखाना मार्ग पर बुधवार तड़के कुछ युवकों ने एक सुनार की दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास किया। दुकान मालिक की आंख खुलने पर उसने युवकों को टोका, जिसके बाद आरोपी मौके से भाग निकले। पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

यह घटना पुराने डाकखाना रोड तिराहे पर स्थित राधा रमन ज्वेलर्स नामक दुकान पर हुई। बुधवार तड़के कुछ युवक दुकान के पास पहुंचे और शटर पर लगे ताले को तोड़ने का प्रयास करने लगे। ताला तोड़ने की आवाज सुनकर दुकान मालिक की नींद खुल गई। उसने बाहर आकर देखा तो युवक ताले से छेड़छाड़ कर रहे थे। दुकान मालिक ने जब उन्हें रोकने की कोशिश की, तो आरोप है कि युवकों ने उसके साथ हाथापाई शुरू कर दी। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों के जागने की आशंका के चलते आरोपी युवक तुरंत मौके से फरार हो गए। घटना के बाद दुकान मालिक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई और दुकान के ताले व आसपास के स्थानों की भी जांच की।

# सचिन से बेहतर विराट कोहली ?

## एबी डिविलियर्स के बयान ने छेड़ी नई बहस? कहा कोहली ने बदली भारतीय क्रिकेट की सोच

एजेंसी, केप टाउन।



सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली को भारतीय क्रिकेट इतिहास के महानतम बल्लेबाजों में गिना जाता है। दोनों ने घरेलू परिस्थितियों के साथ-साथ इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी शानदार प्रदर्शन किया। अब दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने दोनों की तुलना करते हुए एक ऐसा बयान दिया है, जिसने नई बहस को जन्म दे दिया है।

डिविलियर्स ने सचिन की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने सबसे पहले भारतीय उपमहाद्वीप के बल्लेबाजों को यह भरोसा दिया कि उछाल और सीम वाली परिस्थितियों में भी सफलता हासिल की जा सकती है। हालांकि, उनके मुताबिक विराट कोहली ने इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इसे एक अलग स्तर तक पहुंचाया।

### डिविलियर्स ने इस बहस पर क्या कहा?

डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मैं सचिन तेंदुलकर जैसे खिलाड़ी के बारे में सोचता हूं, जिन्होंने काफी पहले भारत के लिए यह ट्रेंड शुरू किया। हालांकि, वह विराट कोहली जितने मजबूत नहीं थे, जो उनसे भी बेहतर थे। लेकिन सचिन पहले खिलाड़ी थे जिन्होंने दिखाया कि उपमहाद्वीप का बल्लेबाज उछाल और सीम वाली परिस्थितियों में भी अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। विराट ने इसे आगे बढ़ाया और स्तर को और ऊंचा कर दिया।'

### विराट की सफलता ने बदली भारतीय क्रिकेट की सोच?

डिविलियर्स के मुताबिक विदेशी परिस्थितियों में कोहली और सचिन की सफलता का असर मौजूदा भारतीय बल्लेबाजों पर भी पड़ा है। उन्होंने कहा कि दोनों दिग्गजों ने आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों को विदेशों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। डिविलियर्स ने कहा, 'इसी वजह से अब कई खिलाड़ी हैं, जैसे केएल राहुल और देवदत्त पडिक्कल, जिन्होंने इस ट्रेंड को आगे बढ़ाना शुरू किया है और विराट तथा सचिन के नक्शेकदम पर चल रहे हैं।'

कोहली की विदेशी परिस्थितियों में बल्लेबाजी की खासियत उनकी तकनीक, फिटनेस और तेज गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रवैये को माना जाता रहा है। उन्होंने कई विदेशी दौरों पर भारत के लिए अहम पारियां खेलीं और टेस्ट क्रिकेट में टीम को एक मजबूत विदेशी इकाई बनाने में योगदान दिया।

### केएल राहुल को लेकर भी दी बड़ी सलाह

डिविलियर्स ने केएल राहुल की तकनीक की तारीफ की, लेकिन साथ ही कहा कि विदेशी परिस्थितियों में उनसे और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है। उन्होंने बताया कि राहुल का विदेशों में टेस्ट औसत करीब 34 है, जो उनकी क्षमता के मुकाबले कम है। डिविलियर्स ने कहा, 'केएल एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी तकनीक बहुत अच्छी है और वह भारतीय लाइनअप के लिए बड़ी संपत्ति हैं। लेकिन विदेशों में उनका औसत केवल 34 है। इसलिए आप उनसे ज्यादा की उम्मीद करेंगे और यह एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर उन्हें काम करना होगा।' उन्होंने राहुल को बड़ी पारियों को और बड़ा बनाने की सलाह भी दी। डिविलियर्स ने कहा, 'जब वह क्रीज पर जम जाएं तो उन्हें बड़े स्कोर बनाने होंगे। सिर्फ शतक बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे 180 तक ले जाना होगा। क्योंकि पहली गेंद पर शून्य और नई गेंद से आउट होने का खतरा हमेशा बना रहता है। इसलिए उनके लिए सबसे जरूरी बात यही होगी कि बड़े स्कोर को और बड़ा बनाया जाए।'

### सचिन ने 2013 में लिया था संन्यास

सचिन ने 2013 में संन्यास लिया था। 200 टेस्ट मैचों में उनके नाम 15,921 रन हैं, जो टेस्ट क्रिकेट का रिकॉर्ड है। तेंदुलकर के टेस्ट रनों में से लगभग 55 प्रतिशत (8705 रन) घर से बाहर आए। वह विदेशी हालात में टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं। वहीं, विराट कोहली ने 123 टेस्ट में 9,230 रन बनाए हैं।

इस दौरान कोहली ने भारत के बाहर 66 टेस्ट में 4,774 रन बनाए। विराट ने 2025 में टेस्ट को अलविदा कह दिया था। सचिन ने सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में 63 टेस्ट मैचों में 51.30 के एवरेज से 5,387 रन बनाए, जिसमें 17 सेंचुरी और 23 फिफ्टी शामिल हैं, जबकि कोहली ने 46 टेस्ट मैचों में 42.08 के औसत से 3,661 रन बनाए, जिसमें 12 सेंचुरी और 14 फिफ्टी शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक, सचिन विदेशों में ज्यादा सफल हैं। डिविलियर्स ने कोहली के असर की बात कही है, जिसके मुताबिक भारत के घर से बाहर एक मजबूत टेस्ट टीम के तौर पर उभरने में कोहली के अहम योगदान का जिक्र है।

# भारतीय महिला टीम ने समाप्त किया इंग्लैंड का सफर, गोलरहित ड्रॉ खेला; टूर्नामेंट में अजेय



एजेंसी, केप टाउन।

भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच एफआईएच हॉकी विश्व कप में पूल डी का मुकाबला गोलरहित ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इसके साथ ही भारतीय टीम दूसरे दौर में पहुंच गई है, जबकि इंग्लैंड का सफर ग्रुप चरण में ही थम गया है। भारत ने सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों को भी जिंदा रखा है। भारतीय महिला टीम टूर्नामेंट में अब तक अजेय बनी हुई है। इस मैच में दोनों टीमों ने गोल करने के कई मौके बनाए, लेकिन अंतिम सीटी बजने तक कोई भी बढ़त हासिल नहीं कर सकी।

### पहले क्वार्टर में भारत ने गंवाए मौके

भारतीय महिला टीम ने पहले क्वार्टर में शानदार खेल दिखाया और गोल करने के कुछ मौके बनाए। हालांकि, टीम के खिलाड़ी इसे गोल में तब्दील नहीं कर सके। भारत के लिए इश्का ने दबदबा बनाते हुए इंग्लैंड के डिफेंस को भेदा और शॉट लगाया, लेकिन इंग्लैंड के गोलकीपर ने गोल होने से रोक दिया। इसके बाद भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला और नवनीत ने शॉट लगाया। लेकिन इस गोल को अमान्य घोषित किया गया। भारत को इसके बाद गोल करने के दो मौके और मिले, लेकिन टीम इसे भुना नहीं सकी। पहला क्वार्टर गोल रहित बराबरी पर छूटा।

### पहला हाफ गोलरहित रहा


भारत और इंग्लैंड के बीच विश्व कप में पहले हाफ तक मुकाबला गोलरहित रहा। इस दौरान टीमों एक भी गोल नहीं कर सकीं। भारत ने इस दौरान गोल करने के कई मौके बनाए, लेकिन टीम इंग्लैंड के गोल पोस्ट को भेदने में सफल नहीं रही। पहले हाफ में इंग्लैंड को एक ग्रीन और एक येलो कार्ड मिला। भारतीय टीम ने शुरूआत दो क्वार्टर में आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन इंग्लैंड की गोलकीपर गोलपोस्ट पर टिककर खड़ी रहीं। इंग्लैंड के पास दूसरे क्वार्टर के अंतिम मिनटों में गोल करने का अच्छा मौका था, लेकिन ज्योति ने इसे संभव नहीं करने दिया।

### तीसरे-चौथे क्वार्टर में इंग्लैंड ने दिखाया आक्रामक खेल


पहले हाफ के बाद तीसरे क्वार्टर में इंग्लैंड ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन भारतीय गोलकीपर ने विपक्षी टीम को बढ़त लेने का मौका नहीं दिया। तीसरे क्वार्टर में भारत की तुलना में इंग्लैंड के खिलाड़ी ज्यादा हावी रहे। इंग्लैंड ने लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने गोल नहीं होने दिया। इसके बाद चौथे क्वार्टर में भी इंग्लैंड ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी डटे रहे और गोल नहीं होने दिया। इंग्लैंड ने अंतिम दो क्वार्टर में गोल करने की खूब कोशिश और लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन वह गोल नहीं दाग सकी। मैच के बाद इंग्लैंड के खिलाड़ियों के आंख से आंसू गिरने लगे, वहीं भारतीय खिलाड़ी खूशी से झूम उठी।

### भारत का मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक प्रदर्शन

- भारत ने टूर्नामेंट की शुरूआत ओलंपिक रजत पदक विजेता और दुनिया की चौथे नंबर की टीम चीन को 2-2 से ड्रॉ पर रोककर की थी।
- इसके बाद टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 6-1 से हराकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।
- अब ग्रुप चरण के अंतिम मैच में इंग्लैंड से गोलरहित ड्रॉ खेला।



# मनोरंजन



# पहली बार सैफ के साथ नजर आएंगी कियारा

कियारा और सैफ अली खान दोनों एक्टर्स इन दिनों अपनी आने वाली फिल्मों को लेकर व्यस्त हैं। अब खबरें सामने आ रही हैं कि दोनों एक इंटेंस थ्रिलर फिल्म में स्क्रीन शेयर कर सकते हैं। जानिए क्या है पूरा मामला।

### कनिका ढिल्लों करेंगी निर्देशन

खास बात यह है कि इस फिल्म से राइटर-प्रोड्यूसर कनिका ढिल्लों बतौर डायरेक्टर अपना डेब्यू करने जा रही हैं। पिंकविला की रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस अनटाइटल्ड फिल्म को एक्सेल एंटरटेनमेंट्स प्रोड्यूस कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म अभी डेवलपमेंट स्टेज में है। इसकी स्क्रिप्ट को खास तौर पर सैफ अली खान और कियारा आडवाणी को ध्यान में रखकर लिखा जा रहा है। मेकर्स इस फिल्म की शूटिंग इसी साल के आखिर तक शुरू करने की तैयारी में हैं।



### सुपरनैचुरल थ्रिलर होगी फिल्म

प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, ''सैफ और कियारा कनिका की अगली फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। यह सुपरनैचुरल एलिमेंट वाली एक इंटेंस थ्रिलर है और इसकी स्क्रिप्ट दोनों एक्टर्स को ध्यान में रखकर तैयार की जा रही है। कनिका, एक्सेल एंटरटेनमेंट्स और राइटिंग टीम काफी समय से इस कहानी पर काम कर रही है और अब मेकर्स इसे आगे बढ़ाना चाहते हैं।''

फिलहाल फिल्म को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। स्क्रिप्ट पूरी तरह तैयार होने के बाद मेकर्स फिल्म से जुड़ी और जानकारी शेयर कर सकते हैं।

### 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी कियारा आडवाणी

कियारा आडवाणी की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आने वाली हैं। फिल्म में यश डबल रोल में दिखाई देंगे। फिल्म में नयनतारा, हुमा कुरेशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत भी अहम भूमिकाओं में हैं। 'टॉक्सिक' दुनियाभर में 26 अगस्त 2026 को रिलीज होने वाली है।

### 'हैवान' में दिखेंगे सैफ अली खान


वहीं सैफ अली खान अगली बार फिल्म 'हैवान' में नजर आएंगे। यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जिसे प्रियदर्शन ने लिखा और डायरेक्ट किया है। 'हैवान' में सैफ अली खान के साथ अक्षय कुमार, बोमन ईरानी, श्रिया पिलगांवकर और सैयामी खेर भी नजर आएंगे। फिल्म 11 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# एक्टिंग के बाद अब म्यूज़िक की दुनिया में शाजान पदमसी की एंट्री

एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीतने के बाद अब शाजान पदमसी ने म्यूज़िक की दुनिया में भी अपना खूबसूरत कदम रख दिया है। उनका पहला ओरिजिनल सॉन्ग और डेब्यू सिंगल रातां कालियां अब रिलीज हो चुका है। स्क्रीन पर अपनी अलग पहचान बनाने वाली शाजान पदमसी अब अपनी आर्टिस्टिक जर्नी का एक नया रंग दर्शकों के सामने लेकर आई हैं।

रातां कालियां के साथ शाजान ने बतौर सिंगर अपनी शुरुआत की है और इस गाने के जरिए अपनी क्रिएटिविटी का एक बेहद पर्सनल और दिल के करीब वाला पहलू दुनिया के सामने रखा है। माइक्रोफोन के पीछे कदम रखते हुए शाजान के लिए यह एक एक्साइटिंग नए चैप्टर की शुरुआत है।

शाजान के लिए रातां कालियां सिर्फ एक डेब्यू सिंगल नहीं है, बल्कि प्यार को समझने और महसूस करने की एक इमोशनल जर्नी है। गाना उस सफर को बयां करता है, जहां प्यार में भरोसा और सहारे की तलाश से शुरु होकर इंसान धीरे धीरे प्यार के असली और गहरे मायने समझता है। गाने की खूबसूरती इसी बात में है कि प्यार किसी खालीपन को भरने का नाम नहीं, बल्कि उस खास कनेक्शन का नाम है जहां आप खुद को पूरी तरह आजाद, सुरक्षित और असली रूप में महसूस कर सकें।



अपने म्यूज़िकल डेब्यू पर बात करते हुए शाजान पदमसी कहती हैं, म्यूज़िक हमेशा से मेरे लिए एक्सप्रेशन का एक बेहद पर्सनल जरिया रहा है, इसलिए रातां कालियां बनाना मेरे लिए बहुत खास है। यह गाना एक बेहद ईमानदार जगह से आया है और यह दिखाता है कि समय के साथ प्यार को लेकर मेरी समझ कैसे बदली है। अब तक मैं ज्यादातर किसी और की कहानियों का हिस्सा रही हूं। लेकिन रातां कालियां अलग है, क्योंकि यह मेरी अपनी कहानी है, जो सीधे दिल से निकली है।

पहली बार मैं सिर्फ एक आवाज या परफॉर्मर नहीं हूं, बल्कि अपनी जर्नी की स्क्रिप्ट खुद लिख रही हूं। अपनी जिंदगी, एक्सपीरियंस और दिल की सच्ची बातों को मैंने म्यूज़िक में पिरोया है। रातां कालियां के साथ शाजान पदमसी ने अपने क्रिएटिव सफर का एक नया दरवाजा खोला है, जहां उनकी आर्टिस्टिक सेंसिबिलिटी और म्यूज़िक के लिए प्यार एक बेहद इंटिमेट, ईमानदार और पर्सनल अंदाज में साथ आते हैं। रातां कालियां अब रिलीज हो चुका है।

# दिशा बनीं 'आवारापन 2' की पहली पसंद, निर्माता विशेष भट्ट ने बताई कास्टिंग की कहानी



अगर हाल के दिनों में सिनेमाघरों में किसी फिल्म ने सबसे ज्यादा हलचल मचाई है, तो वह 'आवारापन 2' है। पहली बार इमरान हाशमी और दिशा पाटनी की जोड़ी को एक रोमांटिक ड्रामा में साथ लाने वाली यह फिल्म अपनी शानदार कहानी के साथ-साथ दोनों कलाकारों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री के लिए भी चर्चा में है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इसी बीच निमार्ता विशेष भट्ट ने बताया कि उन्होंने दिशा पाटनी को फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के तौर पर क्यों चुना। उन्होंने कहा कि दिशा का अब तक का सफर उन्हें इस किरदार के लिए बिल्कुल सही बनाता था। विशेष भट्ट कहते हैं, ''इमरान और दिशा को स्क्रीन पर साथ देखना दिलचस्प है, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि इससे पहले दोनों को एक साथ देखा गया है। दिशा का अपना एक अच्छा काम है। मैंने उन्हें मोहित के साथ 'मलंग' में देखा है। मैं उनसे 2012 या 2013 में मिला था, जब उन्होंने अभी शुरुआत ही की थी।'' दिशा पाटनी के बारे में विशेष भट्ट का मानना है कि उनमें उनकी खूबसूरती से कहीं ज्यादा है। वह कहते हैं, ''पिछले कुछ सालों में मुझे हमेशा लगा है कि उनका चेहरा बहुत आकर्षक है और उनकी अपनी एक खास पर्सनैलिटी है। वह जैसी हैं और हमें इस किरदार के लिए जैसी जरूरत थी, जिस तरह से यह किरदार फिल्म में आगे बढ़ता है, उसके हिसाब से वह इस भूमिका के लिए बिल्कुल सही लग रही थीं। यह एक बहुत ही मॉडर्न और आज के समय से जुड़ा हुआ किरदार है, जो दूसरे देश में रह रहा है। यह किरदार श्रीया सरन जैसा नहीं है। दोनों के बीच जानबूझकर एक अलग तरह का कॉन्ट्रास्ट रखा गया है।'' कहीं न कहीं, दिशा पाटनी को फिल्म में लेने का फैसला 'आवारापन 2' के लिए फायदेमंद साबित हुआ है। इससे न सिर्फ फिल्म की विरासत को बनाए रखने में मदद मिली, बल्कि दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरने में भी मदद मिली। इस साल 'ओ रोमियो' और 'वेलकम टू द जंगल' जैसी फिल्मों के बाद दिशा पाटनी एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर लकी साबित हुई हैं और फिल्म की कमर्शियल सफलता में उनकी अहम भूमिका नजर आ रही है।अब तक 'आवारापन 2' ने भारत में 84.31 करोड़ की नेट कमाई के साथ शानदार ब्लॉकबस्टर ओपनिंग वीकेंड दर्ज किया है, जबकि दुनियाभर में फिल्म की अनुमानित कमाई 120.86 करोड़ है। फिल्म का शानदार थिएट्रिकल रन जारी है और आने वाले दिनों में इसके आंकड़े और भी बढ़ने की उम्मीद है।

# भारतीय रंग में रंगी यूक्रेन की छात्राएं

## बोलीं-'भारतीय भोजन तीखे लेकिन गुलाब जामुन ने तो दिल ही चुरा लिया'

टीएनएफ टुडे, आगरा।

डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिंदी एवं भाषा विज्ञान संस्थान (केएमआई) में इन दिनों यूक्रेन की एक अनोखी छाप देखने को मिल रही है। यूक्रेन की 'तरास शेवचेन्को नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ कीव' से आईं दो छात्राएंदिआना नेचिपोरूक और कतेरीना कांतोर, स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत 10 से 27 अगस्त तक हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति की गहराइयों को समझ रही हैं। इस खास शैक्षणिक प्रवास के दौरान दोनों छात्राओं ने अपने दिलकश और मजेदार अनुभव साझा किए।

कतेरीना कांतोरने बताया कि यहाँ की वास्तुकला और लोगों का आत्मीय व्यवहार दिल जीत रहा है।

केएमआई में अध्ययन कर रहीं कतेरीना कांतोर ने भारत और यहाँ के माहौल को लेकर अपने दिल की बात खुलकर रखी। जब उनसे पूछा गया कि वह यहाँ कैसा महसूस कर रही हैं, तो उन्होंने बेहद सहजता से कहा कि यहाँ सब कुछ बहुत अच्छा है। वह काफी सहज महसूस कर रही हैं। कतेरीना ने आगरा के लोगों की तारीफ करते हुए बताया कि यहाँ के लोग बहुत अच्छे हैं। उन्होंने उनका बेहद प्यार से स्वागत किया है। बातचीत के दौरान जब हाथों में मेहंदी लगवाने का जिक्र आया, तो वह उत्साह से भर उठीं और बताया कि उन्होंने पहली बार अपने हाथों पर मेहंदी लगवाई है, जो उन्हें बेहद खूबसूरत लगी।



कतेरीना को यहाँ की ऐतिहासिक वास्तुकला और लोगों का मिलनसार स्वभाव सबसे ज्यादा भाया है। उनके मुताबिक, इस संस्कृति के बीच रहकर हिंदी पढ़ना एक बेहद अनूठा और दिलचस्प अनुभव है।

दिआना नेचिपोरूक ने बताया कि भारतीय खाना थोड़ा मसालेदार है, पर 'गुलाब जामुन' ने दिल चुरा लिया। छात्रा दिआना नेचिपोरूक ने भारतीय खान-पान, संस्कृति और अपने आध्यात्मिक लगाव पर खुलकर चर्चा की। उन्होंने हँसते हुए स्वीकार किया कि उन्हें भारतीय भोजन से गहरा लगाव हो गया है।चटपटे खाने से लेकर मीठे 'गुलाब जामुन' तक:



दिआना ने मुस्कुराते हुए साझा किया, ₹भारतीय खाना हमारे लिए थोड़ा मसालेदार जरूर है, लेकिन यह बेहद स्वादिष्ट होता है। आपकी मिठाइयाँ... जैसे 'गुलाब जामुन', वह तो वाकई दिल चुरा लेती हैं!₹ भारतीय आस्था के प्रति अपनी जिज्ञासा जाहिर करते हुए उन्होंने बताया कि यहाँ के देवी-देवता उन्हें बहुत आकर्षित करते हैं। उनके पास अलग-अलग आकृतियाँ हैं, जिनमें उन्होंने गर्व से बताया कि उनके पास दो गणेश जी और एक छोटी शिव मूर्ति भी मौजूद है।दिआना ने बड़े ही क्यूट अंदाज में अपने सीखे हुए कुछ हिंदी शब्द भी सुनाए, जैसे-'कविता', 'दीपक', 'पानी पीना' और 'खाना खाना'। दिआना ने मुस्कुराते हुए बताया कि जब लोग उनके पास आकर उनके साथ सेल्फी क्लिक करवाते हैं, तो उन्हें यह पल बहुत पसंद आते हैं और इसमें बड़ा मजा आता है। स्थानीय लोगों का यह प्यार उन्हें एक अलग ही खुशी देता है।कीव यूनिवर्सिटी में हिंदी की पढ़ाई करने वाली दिआना ने बताया कि भले ही उनकी शिक्षिका किन्हीं कारणों से इस यात्रा में साथ नहीं आ पाईं, लेकिन वे दोनों खुद यहाँ आकर भारतीय संस्कृति, भाषा और परंपराओं को सीखने के लिए पूरी तरह उत्साहित हैं।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर आशु रानी ने इस पहल को 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अवधारणा को साकार करने वाला बताया। उन्होंने कहा, ₹ऐसे कार्यक्रम शिक्षा को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उसे अनुभवात्मक और बहुआयामी बनाते हैं।₹ साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में भी इसी तरह देश-विदेश से जो लोग सीखने के लिए यहाँ आते रहेंगे। विश्वविद्यालय उन्हें उतने ही खुले दिल और आत्मीय भाव से स्वीकार करेगा और भारतीय संस्कृति व ज्ञान सिखाता रहेगा, क्योंकि यही हमारी 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की सच्ची भावना है।यह स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम न केवल दोनों छात्राओं के लिए एक शानदार ग्लोबल लर्निंग प्लेटफॉर्म साबित हो रहा है।बल्कि भारत और यूक्रेन के बीच के सांस्कृतिक रिश्तों को भी एक नई और खूबसूरत उड़ान दे रहा है।